जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:29 अंक:139 दिनांक:22-09-2024 रविवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस यात्रा के दौरान वे वार्षिक 'क्वाड' शिखर बैठक में शामिल होंगे और संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करेंगे।

आतिशी ने शनिवार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। आतिशी शपथ ग्रहण समारोह में नीली साड़ी पहनकर पहुंचीं। अक्सर केजरीवाल नीली शर्ट में नजर आते हैं। केजरीवाल के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

बीजेपी फैला रही है झूठः राहुल गांधी ने अमेरिका में सिख धर्म पर दिए बयान पर दी सफाई

नई दिल्ली(ईएमएस)। राहुल गांधी के अमेरिका दौरे को लेकर बीजेपी लगातार उन पर हमला बोल रही है. बीजेपी का आरोप है कि राहुल गांधी ने आरक्षण और सिखों को लेकर विवादित बयान दिया है. अब इस मुद्दे पर पहली बार राहुल गांधी ने सफाई दी है. बीजेपी मेरे बयान को लेकर अमेरिका में झूठ फैला रही है.

10 सितंबर को राहुल गांधी ने वाशिंगटन डीसी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत में इस बात पर लड़ाई चल रही है कि क्या सिखों को पगड़ी या चूड़ियाँ पहनने की अनुमति दी जाएगी या क्या सिखों को गुरुद्वारों में जाने की अनुमति दी जाएगी। और ये सभी धर्मों के लिए है.

राहुल गांधी के बयान को लेकर बीजेपी लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है. बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस सांसद ने सिखों का अपमान किया है. इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का सबसे बड़ा आतंकवादी बताया है. इस पूरे विवाद के बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपने 10 सितंबर के भाषण का वीडियो अटैच कर बीजेपी पर पलटवार किया है.

कांग्रेस नेता ने इस पोस्ट में लिखा कि अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर बीजेपी झूठ फैला रही है. मैं भारत और विदेश में रहने वाले सभी सिख भाइयों और बहनों से पूछना चाहता हूं कि क्या मैंने जो कहा है उसमें कुछ गलत है? क्या भारत को ऐसा देश नहीं बनना चाहिए जहां हर सिख और हर भारतीय बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सके? हमेशा की तरह बीजेपी झूठ का सहारा ले रही है. वे मुझे चुप कराने के लिए बेताब हैं क्योंकि, वे सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर सकते। लेकिन मैं हमेशा उन मूल्यों के लिए बोलूंगा जो भारत को परिभाषित करते हैं। विविधता में ही हममें एकता, समानता और प्रेम है।

भाजपा के ताबूत में आखिरी कील होगा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम', सत्यपाल मलिक

मुंबई :जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव देश के राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेंगे। सत्यपाल मलिक ने कहा, महाराष्ट्र (विधानसभा चुनावों के बाद) देश को दिशा देगा। पूर्व भाजपा नेता और कई राज्यों के राज्यपाल रहे सत्य पाल मलिक का भाजपा के खिलाफ हमला लगातार जारी है। मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करे हुए सत्यपाल मलिक ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के परिणाम भाजपा के ताबूत में आखिरी कील के रूप में काम करेंगे।

इस कार्यक्रम सत्यपाल मलिक के साथ शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत और समाजवादी पार्टी के अबू आजमी समेत कई प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता शामिल थे। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव में देरी के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दलों से हारने के डर से ऐसा किया जा रहा है। वहीं सत्यपाल मलिक ने भविष्यवाणी की कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगभग 60 सीटें हासिल कर सकती है, जबकि भाजपा को केवल 20 सीटें मिल सकती है। इसके अलावा, सत्यपाल मलिक ने 2019 के पुलवामा आतंकी हमले की व्यापक जांच के लिए अपना आह्वान दोहराया। उन्होंने कहा, मैं पुलवामा हमले की जांच की मांग करता हूं ताकि पता चल सके कि हमारे सैनिक कैसे मारे गए और कौन जिम्मेदार था।

अमेरिका में भारतीय दूतावास में अधिकारी की लाश देख मची अफरा-तफरी

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास में अचानक से उस समय सनसनी मच गई, जबकि दूतावास कैंपस में एक भारतीय अधिकारी की लाश पाई गई। कैंपस में अधिकारी की लाश देख हर कोई सन्न रह गया। अधिकारी की मौत ने सभी को चौंका दिया है, और स्थानीय पुलिस तथा खुफिया एजेंसियां उनकी मौत के कारणों की जांच में जुट गई हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने यह माना है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है।

इस संबंध में भारतीय दूतावास ने बयान जारी करते हुए अधिकारी की मौत होने की पुष्टि की है, लेकिन मौत के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा, कि 'अत्यंत खेद के साथ हम यह सूचित करना चाहते हैं कि भारतीय दूतावास के एक सदस्य का 18 सितंबर 2024 की शाम को निधन हो गया। हम पार्थिव शरीर को जल्द भारत भेजने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों और परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं।' इस बयान के अलावा ज्यादा कुछ नहीं बताया गया है। बस यही कहा गया है कि, 'परिवार की गोपनीयता की चिंता के चलते मृतक अधिकारी के बारे में ज्यादा डिटेल जारी नहीं की जा रही है। दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं परिवार के साथ हैं।' स्थानीय पुलिस ने अभी तक अधिकारी की मौत की जांच को लेकर कोई औपचारिक जानकारी साझा नहीं की है। घटनास्थल पर जांच जारी है और सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

बिट्टू का सिर कलम करने वाले को 1 एकड़ जमीन इनाम में

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को तेलंगाना के कांग्रेसी विधायक ने धमकी दी है। उन्होंने ऑफर किया है, जो व्यक्ति बिट्टू का सिर कलम करेगा। उसे वह अपनी एक एकड़ पुश्तैनी जमीन इनाम में देंगे। केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने इस बयान को शेयर कर जानकारी दी है।

बिट्टू ने जो बयान शेयर किया है। उसमे उन्होंने इस धमकी के बाद कांग्रेस के लिए कहा है। 1984 से 2024 तक में कांग्रेस नहीं बदली है। आज भी वह सिखों के खून की प्यासी है। राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं। यहां विधायक सर कलम करने की धमकी देते हैं। रवनीत सिंह बिट्टू ने कुछ दिनों पहले राहुल गांधी को धमकी दी थी। उनका हश्र भी उनकी दादी की तरह होगा। उसके बाद से देश भर में बिट्टू के ऊपर हमले हो रहे हैं।

झारखंड के गढ़वा में राजनाथ सिंह के हेलिकॉप्टर में ईंधन हुआ खत्म, सड़क मार्ग से जाना पड़ा

गढ़वा (ईएमएस)। कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजनाथ सिंह को हेलिकॉप्टर में ईंधन खत्म होने के कारण सड़क मार्ग से जाना पड़ा। दोनों झारखंड के गढ़वा में परिवर्तन यात्रा में शामिल होने आए थे। वापसी के समय हेलिकॉप्टर में ईंधन खत्म होने के कारण दोनों को सड़क मार्ग के जरिए वापस वाराणसी जाना पड़ा।

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं क्रृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान परिवर्तन यात्रा मे शामिल होने गढ़वा आये थे। परिवर्तन यात्रा समाप्त कर जैसे ही वे हेलीपैड पहुंचे उनके हेलीकाप्टर का तेल खत्म हो गया। जिस कारण उन्हें लगभग एक घंटा रुकना पड़ा, इसके बावजूद तेल उपलब्ध नही हो सका। इसके बाद दोनों को सड़क मार्ग से बनारस भेजा गया। जैसे ही हेलीकाप्टर मे तेल कम होने की बात सामने आई जिला प्रशासन की नींद उड़ गई।

मंदिरों के रखरखाव का कार्य संत और धर्माचार्य करें, सरकार नहीं-शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

अयोध्या (ईएमएस)। जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद में गाय की चर्बी व अन्य जानवरों की चर्बी और मछली का तेल इस्तेमाल किए जाने के मामले पर सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि धर्म का कार्य धर्माचार्यों को करने दिया जाए। मंदिरों के रखरखाव का कार्य भी धर्माचार्य करें। सरकार को मंदिरों पर से अपना नियंत्रण खत्म कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या के सभी संत और धर्माचार्यों से अपील करता हूं कि वो खड़े हों और सरकार के हाथों में मंदिरों का नियंत्रण छीन लें। मंदिर धार्मिक व्यवस्था के अनुसार चलें। धर्माचार्यों को इस दायित्व को संभाल लेना चाहिए।

गोध्वजा की स्थापना और रामकोट की परिक्रमा के लिए अयोध्या पहुंचे शंकराचार्य ने कहा कि तिरुपति प्रसादम मामले में जो भी दोषी हैं। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कठोर से कठोर दंड दिया जाना चाहिए। यह आपत्तिजनक है कि मंदिर में भगवान को इस तरह की चीजों का भोग लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी तिरुपति मंदिर से तीन टन लड्डू आए थे जिसका वितरण रामभक्तों को किया गया। लोग प्रसाद का लड्डू बांटकर खाते हैं। ऐसे में लड्डू में पड़े पदार्थ न जाने कितने लोगों के शरीर में चले गए। प्रसाद की पवित्रतता नष्ट होने से लोग आहत हैं।

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह वायु सेना के नए चीफ होंगे

- 30 सितंबर से जिम्मेदारी संभालेंगे

नई दिल्ली(ईएमएस)। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह भारतीय वायु सेना के नए चीफ होंगे। वे 30 सितंबर को पदभार संभालेंगे। अमर प्रीत सिंह एयर मार्शल विवेक राम चौधरी की जगह लेंगे, जो 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं।

अमर प्रीत सिंह अभी तक वायुसेना के वाइस चीफ के पद पर थे। उन्हें रोटरी विंग विमानों पर 5 हजार घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है। उन्होंने वाइस चीफ बनने से पहले ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और फ्रंटलाइन एयर बेस की भी कमान संभाली है।

40 साल से एयरफोर्स में तैनात हैं

एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह का जन्म 27 अक्टूबर को साल 1964 में हुआ था। अमर प्रीत सिंह 21 दिसंबर 1984 को वायुसेना एकडेमी डुंडीगल से इंडियन एयरफोर्स में तैनात हुए थे। वह 40 साल से वायुसेना की सेवा कर रहे हैं। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह ने नेशनल डिफेंस एकडेमी खडकवासला और एयरफोर्स एकडेमी डुंडीगल से ट्रेनिंग ले चुके हैं। अमर प्रीत सिंह डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन के भी छात्र रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से भी ट्रेनिंग ली है। उन्होंने हाल ही में 59 साल की उम्र में तेजस उड़ाया था।

अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी, राष्ट्रपति बाइडेन से करेंगे द्विपक्षीय बातचीत

वॉशिंगटन (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर अमेरिका पहुंचे। इस दौरे में पीएम मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। साथ ही कई द्विपक्षीय मीटिंग होने की भी संभावना है। नरेंद्र मोदी बतौर पीएम अब तक 8 बार अमेरिका का दौरा कर चुके हैं और अब नौवीं यात्रा पर हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जो 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित होगा। यह सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी में होगा। इसके बाद 22 सितंबरको वहन्यूयॉर्कमेंभारतीय समुदाय से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी अपने दौरे के आखिरी दिन 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र के समिट ऑफ द फ्यूचर में भी हिस्सा लेंगे।

तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर पीएम मोदी, राष्ट्रपति बाइडेन से की द्विपक्षीय वार्ता

न्यूयॉर्क ,21 सितंबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से तीन दिवसीय अमेरिका दौरे पर हैं. इस दौरे के दौरान पीएम मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. इसके साथ ही कुछ द्विपक्षीय बैठकें भी संभव हैं. नरेंद्र मोदी बतौर पीएम अब तक 8 बार अमेरिका का दौरा कर चुके हैं और यह उनका नौवां दौरा है. विदेश मंत्रालय (ई) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर हैं.

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति बाइडेन से की बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय वार्ता के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के डेलावेयर स्थित आवास पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता शुरू हो गई है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव, भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी एक हजार रहे.

इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित क्वाड लीडर्स के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित सम्मेलन की मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन करेंगे। इसके बाद 22 सितंबर को वह न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय से जुड़े एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. पीएम मोदी अपने दौरे के आखिरी दिन 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र के 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' में भी हिस्सा लेंगे.

क्वाड के नेता स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, उभरती प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और आतंकवाद विरोधी क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करेंगे।

इसके अलावा, यूक्रेन और गाजा संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के तरीकों पर भी चर्चा की जाएगी और भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति, प्रगति और स्थिरता पर जोर दिया जाएगा।

अमेरिका रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि हिंद महासागर में शांति और समृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने वाले समान विचारधारा वाले देश मुख्य मंच पर उभरे हैं.

बाइडेन के साथ इंटरव्यू में इसी मुद्दे पर फोकस रहेगा

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाह कार जैक सुलिवन ने कहा कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यूक्रेनयुद्धऔरक्षेत्रमेंचीन की गतिवि धियों पर चर्चा करेंगे. इसके साथ ही बाइडन अपने यूक्रेन दौरे को लेकर पीएम मोदी से बात करेंगे. संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने ट्वीट किया कि आज मैं डेलावेयर में अपने घर पर प्रधान मंत्री अल्बानीज़, मोदी और किशिदा का स्वागत करूंगा। ये नेता न केवल स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं, बल्कि वे मेरे और हमारे राष्ट्र के मित्र भी हैं।

दिल्ली सरकार के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली में आतिशी सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया है। आतिशी के पास जल, वित्त, पॉवर समेत 13 विभागों की जिम्मेदारी रहेगी। इससे पहले भी वो इन विभागों को संभाल रही थीं। वहीं, कैबिनेट मंत्रियों में से सौरभ भारद्वाज के पास स्वास्थ्य, शहरी विकास और समाज कल्याण सहित आठ विभाग रहेंगे।

गोपाल राय को तीन और कैलाश गहलोत को 5 विभाग दिए गए हैं। इमरान हुसैन को दो और मुकेश अहलावत को 5 विभागों की जिम्मेदारी दी गई है।

गोपाल राय के पास पर्यावरण समेत तीन विभाग होंगे। कैलाश गहलोत परिवहन, महिला एवं बाल विकास समेत चार विभागों का प्रभार संभालेंगे। इमरान हुसैन खाद्य आपूर्ति और चुनाव विभाग का प्रभार संभालेंगे। मुकेश अहलावत दिल्ली के एससी-एसटी मंत्री बनेंगे, साथ ही श्रम समेत चार और विभाग भी संभालेंगे।

10 साल बाद जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधान सभा चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप चरम पर

जम्मू-कश्मीर में फारूक लाए आतंकवादः शाह

श्रीनगर(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण का मतदान हो चुका है। दूसरे चरण के मतदान से पहले जम्मू-कश्मीर का माहौल गरमा गया है। नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप चरम पर पहुंच गया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहे। मेंढर में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि 90 के दशक में फारूक की मेहरबानी से आतंकवाद आया। 90 के दशक में यहां बहुत गोलीबारी होती थी, क्योंकि यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे। शाह ने कहा कि अब पाकिस्तान नरेंद्र मोदी से डरता है। इनकी हिम्मत नहीं है गोलीबारी करने की। अगर गोलीबारी की तो मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे।

शाह ने कहा कि ये चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन खत्म करने वाला चुनाव है। तीनों परिवार ने यहां जम्हूरियत और चुनावों को रोक कर रखा था। इन्होंने पूरे जम्मू-कश्मीर में 90 के दशक से 2014 तक दहशतगर्दी फैलाई। 40 हजार युवा मारे गए। शाह ने कहा कि 1947 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ लड़े गए हर जंग में जम्मू-कश्मीर के सैनिकों ने भारत की रक्षा की है। 1990 के दशक में जब आतंकवाद आया, तो यह मेरे पहाड़ी, गुर्जर और बकरवाल भाई ही थे, जिन्होंने सीमाओं पर बहादुरी से गोलियों का सामना किया।

भाजपा वाले पाकिस्तानी हैः फारूक

फारूक अब्दुल्ला ने अमित शाह के हमले का जवाब देते हुए कहा- जब भी कोई चीज आती है तो ये लोग भाजपा पाकिस्तान का नाम लेते हैं फिर हमसे कहते हैं कि हम पाकिस्तानी हैं। ये लोग कहते हैं कि फारूक अब्दुल्ला और राहुल गांधी का गठबंधन पाकिस्तान की तरफ से हुआ है। हमें पाकिस्तान से क्या लेना देना है। मुझे तो लगता है ये खुद पाकिस्तानी हैं।

आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम बनीं

शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज के बाद तीसरी महिला ष्टरू; 5 मंत्रियों ने शपथ ली, मुकेश अहलावत नया चेहरा

नई दिल्ली(ईएमएस)। आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 17वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उन्हें एलजी विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं। उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित सीएम रह चुकी हैं। आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज. गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं।

43 साल की आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम होने का केजरीवाल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। आतिशी 43 साल की हैं, जबकि 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के समय केजरीवाल 45 साल के थे। आप विधायकों ने 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम सीएम के रूप में फाइनल किया था। आतिशी के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी कन्वेनर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पंजाब सीएम भगवंत मान शामिल रहे।

आम आदमी पार्टी की दिग्गज नेता आतिशी ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अब मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. जिसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद दिया है. आतिशी हरे रंग की साड़ी पहनकर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने राजभवन पहुंचीं. इसलिए शपथ लेने के बाद आतिशी ने केजरीवाल के पैर पकड़ कर उनका आशीर्वाद लिया. आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, ''दिल्ली के इतिहास के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री, मेरे बड़े भाई और मेरे राजनीतिक गुरु अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे दिल्ली के लोगों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी. आज मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, लेकिन यह मेरे और हम सबके लिए भावनात्मक क्षण है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री नहीं हैं.

आतिशी ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पिछले दस सालों में दिल्ली की छवि बदल दी है. उन्होंने दिल्ली के आम लोगों का जीवन बदल दिया। उन्होंने गरीबों का दर्द समझा. दिल्ली की सीएम बनने के बाद आतिशी का कहना है, ''...आज मैंने सीएम पद की शपथ ली है लेकिन यह हमारे लिए भावनात्मक क्षण है जब अरविंद केजरीवाल सीएम नहीं हैं...अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों की जिंदगी बदल दी...''

बता दें कि शनिवार को आतिशी से उपराज्यपाल वी.के. ने मुलाकात की थी। सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली के आठवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यहां राजनिवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सक्सेना ने आतिशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में आतिशी को पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया था।

बेंगलुरु में श्रद्धा वॉकर जैसा नरसंहार! लड़की की हत्या के बाद 32 टुकड़े किए गए, फ्रिज में मिला शव

बेंगलुरु (ईएमएस)। बेंगलुरु में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। 29 साल की एक महिला की हत्या कर उसके शव को 32 टुकड़ों में काटकर फ्रिज में रख दिया गया. इस नृशंस हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. पुलिस ने आशंका जताई है कि महिला की हत्या करीब 4-5 दिन पहले की गई है. पुलिस ने कहा कि क्रान सेन में मारे गए माहिल के शरीर के अंग उसके घर के अंदर एक फ्रीजर में पाए गए। बताया जा रहा है कि मृतक महिला दूसरे राज्य की रहने वाली थी.

पुलिस ने क्या कहा?

मौके पर पहुंची पुलिस टीम फिलहाल जांच कर रही है. अधिकारी ने बताया कि हत्या के पीछे के मकसद और संदिग्धों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है. बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मृतक दूसरे राज्य की रहने वाली थी, लेकिन फिलहाल वह अपने परिवार के साथ बेंगलुरु में रह रही थी.

घटना की जांच के लिए कई टीमें लगाई गईं

पुलिस के मुताबिक, मृतक माहिल के परिजनों के आने के बाद हत्या का खुलासा हुआ. तब स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से घर से अजीब सी बदबू आ रही थी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने जब घर का ताला तोड़ा तो हैरान रह गए. बताया जा रहा है कि मृतक महिला ने दो-तीन महीने पहले ही यह मकान किराए पर लिया था. मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं और घटना का खुलासा करने के लिए फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम पहुंच गई है.

जब दिल्ली में हुई इस घटना से पूरे देश में हंगामा मच गया

गौरतलब है कि 2022 में दिल्ली के महरोली में भी इस तरह की घटना हुई थी. यहां आफताब पूनावाल नाम के एक शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड श्रद्धा वॉकर की हत्या कर उसके शव के 36 टुकड़े कर दिए। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था.

महिला डॉक्टर के बाल खींचकर घसीटते दिखी.....महिला तीमारदार

लखनऊ (ईएमएस)। लखनऊ के मशहूर लोकबंधु अस्पताल में हाल ही में एक महिला डॉक्टर के साथ मारपीट का मामला आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से दिखा रहा कुछ तीमारदार महिला डॉक्टर को बाल खींचकर घसीटते और उन्हें बुरी तरह पीटते हैं। राजाजीपुरम के निवासी 65 वर्षीय राजेश टंडन को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अस्पताल में मौजूद जूनियर महिला डॉक्टर ज्योति कृष्णामूर्ति ने मरीज को तुरंत भर्ती किया। इलाज के दौरान, मरीज के साथ आए तीन-चार महिला तीमारदार किसी बात को लेकर भड़की और महिला डॉक्टर के साथ अभद्रता शुरू कर दी।

महिला डॉक्टर ने मामले की जानकारी तुरंत अस्पताल के निदेशक को दी। इसके साथ ही उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। सीसीटीवी कैमरे में कैद इस घटना में साफ दिखाई दे रहा है कि तीमारदार किस तरह डॉक्टर की पिटाई कर रहे हैं। इस घटना ने डॉक्टर कम्युनिटी के साथ-साथ आम जनता को भी झकझोर कर रख दिया है। महिला डॉक्टरों और अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

भाजपा और आरएसएस की जहरीली मानसिकता के खिलाफ आंदोलन करेगी कांग्रेस

-मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर साधा निशाना

नई दिल्ली (ईएमएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा है। खड़गे ने दावा किया कि भाजपा और आरएसएस ने राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की है। कांग्रेस इस जहरीली मानसिकता के खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को राजनीति से हटाने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन जरूरी था। उन्होंने सफाई देकर कहा कि कांग्रेस आरक्षण का पूरा समर्थन करती है और समर्थन करती रहेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जम्मू कश्मीर में 'शांति, विकास' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों पर सवाल उठाकर पूछा कि आतंकवाद की घटनाएं क्यों हो रही हैं। भाजपा कह रही है कि 5 लाख नौकरी दी जाएगी। इसके बाद सवाल है कि आप सरकार में हैं, तब फिर नौकरी क्यों नहीं दी। लेकिन कांग्रेस जो कहती है, वहां करती है.. इसलिए सत्ता में आते ही 1 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 35प्रतिशत बेरोजगारी है और 65 प्रतिशत सरकारी पद यहां खाली हैं। भाजपा के पास बहुत समय था, उनके एलजी के पास ताकत थीं, लेकिन उन्होंने खाली पद नहीं भरे। पहले यहां लोगों को 11 किलो अनाज मिलता था, भाजपा ने कम करके 5 किलो कर दिया। कांग्रेस सरकार में आते ही खाली पदों को भरेगी और 11 किलो राशन देगी।

उन्होंने कहा कि मोदी और शाह हमेशा जुमले बनाते हैं और उन्हीं पर वोट मांगते हैं। खड़गे ने दावा किया कि हमारी सरकार ने मनरेगा योजना शुरू की, देश के किसानों की कर्जमाफी की, जनता के लिए फूड सिक्योरिटी एक्ट लाए, बेहतर शिक्षा के अवसर बनाए, गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश और जनता के लिए काम करती आई है।

खड़गे ने कहा कि हमने जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए सात गारंटियों की घोषणा की है। इसमें हमारा पहला मुद्दा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने का है। उन्होंने कहा कि हर परिवार का 25 लाख का बीमा। हर जिले में अस्पताल, परिवार की मुखिया महिला को हर महीने 3000 रुपए दिए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह को बिना ब्याज के लोन। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की व्यवस्था लागू होगी। पिछड़े वर्ग को पूरा हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका कोई एजेंडा नहीं है। बीजेपी और आरएसएस के नेता हमेशा कांग्रेस नेताओं की जीभ काटने की बात करते हैं।

भाजपा प्रत्याशी के ड्राइवर से 50 लाख बरामद

कार में बैग में रखे थे 500-500 रुपए के 20 बंडल

सोनीपत (ईएमएस)। हरियाणा के सोनीपत में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार से 50 लाख रुपए कैश बरामद किया है। कार में 2 युवक सवार थे, जिनमें से एक जींद के भाजपा प्रत्याशी कृष्ण मिड्ढा का ड्राइवर हैप्पी है और दूसरा उनका करीबी कालू उर्फ सुरेंद्र आहूजा है। दोनों नोएडा से कैश लेकर आ रहे थे।

पुलिस के सामने दावा किया गया है कि ये 50 लाख रुपए प्लाट की रजिस्ट्री के लिए हैं। आचार संहिता लगने के बाद 50 हजार रुपए से ज्यादा की राशि बिना प्रूफ के ले जाने पर पाबंदी है। पुलिस ने कार से नोटों की 20 गड्डी (बंडल)बरामद की हैं और प्रत्येक गड्डी में 500 रुपए के 500 नोट थे।

दिल्ली, केरल और झारखंड समेत 8 हाईकोर्ट को मिले नए चीफ जस्टिस

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने 8 हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के मुताबिक, दिल्ली, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, मध्य प्रदेश, केरल, मेघालय और मद्रास हाईकोर्ट के लिए चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश की गयी है।

एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए केंद्रीय मंत्री ने लिखा है, भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति उच्च न्यायालयों के निम्नलिखित मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति/स्थानांतरण करते है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन को दिल्ली उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार दिल्ली उच्च न्यायालय के न

जन हितैषी

चुनाव की जीत बेगुनाही का सबूत नहीं

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर लगे, दिल्ली शराब घोटाले के आरोपों और उनके इस्तीफे ने राजनीतिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिये हैं। केजरीवाल आरोपों को एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा बता रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जिस तरह से जमानत की शर्तें कोर्ट ने लगाई थी। उन शर्तों के कारण वह मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी कोई भी निर्णय करने की स्थिति में नहीं थे। नाही वह मुख्यमंत्री सचिवालय में जा पाते। इस स्थिति को देखते हुए, उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर जनता के बीच जाने का फैसला किया है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में यदि उन्हें बहुमत से जीत हासिल हो जाती है। तो उनका कहना है कि जनता की न्यायालय ने उन्हें ईमानदार माना है। वह जनता की अदालत से निर्दोष साबित होकर बाहर निकलेंगे। जिस तरह से चुनावी जीत को आरोपों से निर्दोष होने की बात उन्होंने कही है। इसे किस रूप में देखा जाए इसको लेकर अब राजनीतिक हल्कों में एक नई बहस छिड़ गई है। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद, नोटबंदी के फैसले को चुनावी जीत से जोड़ा था। पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जनता के समर्थन को सबसे ऊपर रखते हुए, बार-बार कहा है। जनता ने उन्हें समर्थन दिया है। उनकी नीतियों को सही माना है। एक तरह से चुनावी जीत को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों की जीत बताया है। भाजपा की केंद्र सरकार और राज्यों की भाजपा सरकार बहुमत के आधार पर अपने हर निर्णय को चुनावी जीत से जोड़कर उसे बेगुनाही का सबूत बताती हैं। चुनावी जीत से किसी भी आरोप को समाप्त नहीं माना जा सकता है। चुनावी जीत का जनता के समर्थन का जुड़ाव हो सकता है। लेकिन चुनाव की जीत न्याय और अदालत के फैसले का विकल्प नहीं हो सकती है। नेता,चाहे वह कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, कानूनी प्रक्रिया से उसे गुजरना ही पड़ेगा। न्यायालय को ही यह अधिकार है, कानून के दायरे में रहते हुए अपने अधिकारों का प्रयोग किया है, या नहीं किया है। कानून के अनुसार अपराध निर्दोष होने का अंतिम फैसला न्यायालय का ही हो सकता है। 1975 में आपातकाल लगाया गया था। आज तक कांग्रेस को आपातकाल का दंस झेलना पड़ रहा है। जबकि लोकसभा और राज्यसभा में आपातकाल को लेकर बिल पास हुआ था। उसके बाद भी कांग्रेस यह कहकर आज भी नहीं बच पाती है, कि संसद ने आपातकाल का बिल पास किया था। निर्वाचित सरकारें बहुमत के आधार पर बहुत सारे निर्णय लेती हैं। जो समय-समय पर गलत भी साबित होते हैं। नोटबंदी के मामले में आज भी विपक्षी दल केंद्र सरकार पर हमलावर होते हैं। नोटबंदी का निर्णय सही था, या गलत यह तो समय बताएगा। नोटबंदी के मामले में यदि कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी, जिसने गड़बड़ी की है उसी के ऊपर आएगी, वह हमेशा न्यायिक समीक्षा के अधीन रहेगी। इलेक्ट्रॉल बांड वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उसे असवैधानिक बताकर निरस्त किया है। इलेक्ट्रोल बांड के जरिए कोई आर्थिक गड़बड़ी हुई है, तो उसके लिए संबंधित व्यक्ति, पार्टी अथवा जो भी जिम्मेदार होगा। वह न्यायिक समीक्षा के अधीन हमेशा रहेगा। इस मामले का फैसला जब भी करेगी, न्यायपालिका ही करेगी। कोई भी राजनीतिक दल या राजनेता यह कहकर नहीं बच सकता है, कि उसने चुनाव जीत लिया है। इसलिए उसके खिलाफ सारे आरोप खत्म हो गए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भले दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीत जाएं। न्यायपालिका से ही वह दोषी या निर्दोष साबित होंगे। पिछले एक दशक में जिस तरह से राजनीतिज्ञ अपने-अपने अनुकूल व्याख्या, राजनीतिक दल और राजनेता करने लगे हैं। उनका कोई ओर छोर नहीं है। अरविंद केजरीवाल जिस तरह से अपने आप को ईमानदार साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वह एक राजनीतिक प्रयास जरूर हो सकता है। संविधान के अनुसार उन्हें क्लीन चिट न्यायपालिका से ही लेनी पड़ेगी। न्यायपालिका यदि उन्हें क्लीन चिट देगी, तभी वह शराब घोटाले के आरोपों से मुक्त हो पाएंगे यही सत्य है।

एक राष्ट्र एक चुनाव देश व लोकतंत्र के हित में

(चुनाव पर विशेष आलेख!)

एक राष्ट्र एक चुनाव इस देश के लिये कोई नई पहल नहीं हैए आजादी के बाद 1951-52 से लेकर 1967 तक के लोकसभा विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते रहे लेकिन जब से सत्ता के प्रति राजनीति में मोह ज्यादा पनप गयाए देश में छोटे . छोटे दल ज्यादा पनप गये जिससे आया राम गया राम की कहानी शुरू हो गई। सत्ता के लिये कौन किधर चला जायेगाए कब चला जायेगा किसी को पता नहीं। इस तरह के बदले हालात एवं असुरक्षित माहौल ने देश में लोकतंत्र की तस्वीर ही बदल डाली। विधान सभाए लोकसभा के परिवेश समय से पहले हीं डगमगाने लगे। मध्यावधि चुनाव की स्थितियां बनने लगी। एक देश एक चुनाव की जगह अब सुरक्षा की दृष्टि से देश में कई चरणों में कई बार लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव होने लगे। जिसने देश पर अनावश्यक खर्च भी बढ़ा दिया। अब फिर से एक राष्ट्र एक चुनाव कराये जाने की संवैधानिक बात सामने आ रही है जिसके तहत इस दिशा में देश के पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री रामनाथ कोविद के नेतृत्व में गठित समिति की सिफारिस स्वीकार करते हुए वर्तमान केन्द्र सरकार ने वर्ष 2029 में एक राष्ट्र एक चुनाव कराये जाने की पहल शुरू कर दी है। केन्द्र सरकार की यह पहल देश एवं लोकतंत्र के हित में अवश्य है जहां चुनाव पर होने वाले अनावश्यक खर्च रोका जा सकता। पर देश में बदली राजनीतिक पृष्ठिभूमि जहां लाभतंत्र के साथ-साथ माफिया वर्ग हावी हैए इस तरह के परिवेश को कब तक स्थाईत्व प्रदान कर सकेगाए कुछ कहा नहीं जा सकता। इस पहल पर जहां सत्ता पक्ष सकरात्मक नजर आ रहा है वहीं विपक्ष अपने-अपने तरीके से विरोध जता रहा है। फिर भी इस पहल पर कुछ राजनीतिकए कुछ संवैधानिक अड़चनें अवश्य नजर आ रही हैए जिसका समाधान सभी को मिलकर तलाशना होगा।

फिलहाल वर्ष 2025 एवं 2026 में देश के 17 राज्यों के होने वाले विधान सभा चुनाव के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की समिति ने सिफारिस की है जहां कुछ राज्यों में केन्द्र की सत्ता पक्ष राजनीतिक दल की सरकार तो कुछ राज्यों में विपक्ष की सरकार सत्ता में है। जो कि टेढ़ी खीर है।

जब देश में एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव करा लिये जाय तो इस बात की कोई ग्रांटी नहीं कि देश में मध्यावधि चुनाव की स्थिति न बनेए यहीं तर्क विपक्ष की ओर से आ रहा है।

एक राष्ट्र एक चुनाव को सफल बनाने के लिये देश में मध्यावधि चुनाव की स्थिति को टालने के मार्ग तलाशने होगे। इस दिशा में संविधान में एक कानून यह भी परित किया जाना चाहिए जो परिवेश मध्यावधि चुनाव के कारण बनते हैए उसपर अकुंश लगाया जाय। बहुमत के आधार पर सरकार गिराने के वजाय अल्पमत की सरकार चलते रहने का कानून बने जिससे आया राम गया राम की कहानी खत्म हो। लोकसभा एवं विधान सभा परिवेश पर आया राम गया राम प्रभावहीन रहेंगे एवं देश में बहुदलीय की जगह राजनीतिक दलों की संख्या सीमित रहे तो एक राष्ट्र एक चुनाव सफल हो सकता है।

(लेखक- डा. भरत मिश्र प्राची / ईएमएस)

अब इंडिया में लड्डू पलटिक्स का दौर

कलियुग में सब कुछ बदल रहा है। सियासत भी। अब सियासत में बाक़ी तमाम मुद्दे पीछे चले गए हैं और अब लड्डू पॉलटिक्स शुरू हो गयी है । ये पॉलटिक्स तिरुपति में प्रसादम केलिए बनने वाले लड्डुओं में घी के नाम पर चर्बी के इस्तेमाल को लेकर शुरू हुई है। इस मामले में सूप तो सूप छलनियाँ भी बोलने लगीं हैं ,जिसमें की सैकड़ों छेद होते हैं । लड्डू पॉलटिक्स में अब टीडीपी वायएसआर पार्टी ही नहीं बल्कि भाजपा और कांग्रेस भी कूद पड़ी है।

दरअसल देश में नेताओं को जब राजनीति के लिए कुछ नहीं मिलता तो वे लड्डुओं तक का इस्तेमाल करने लगते हैं और इस तरह की पॉलटिक्स की शिक्षा भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को भी देना शुरू कर दी है। प्रसादम के लड्डुओं में चर्बी के इस्तेमाल का मुद्दा भाजपा की सहयोगी टीडीपी ने उठाया। टीडीपी की सरकार ने ही लड्डुओं की जाँच एक गुजराती प्रयोगशाला में कराई ,जबकि देश की सबसे बड़ी प्रयोगशाला हैदराबाद में मौजूद थी।

लड्डू पॉलटिक्स के मामले में फांसी और सीबीआई जांच तक की मांग हो गई है. दरअसल, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के पिछली जगनमोहन रेड्डी सरकार पर मंदिर में प्रसाद में घी की जगह मछली का तेल और जानवरों की चर्बी मिलाई जाने के आरोपों के बाद से विवाद जारी है. वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष और आंध्र के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने नायडू पर पलटवार करते हुए कहा है कि अपनी सरकार के 100 दिन की नाकामी छुपाने के लिए चंद्रबाबू नायडू भगवान के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। क्योंकि, उनके सभी आरोप निराधार हैं. अब इस मामले में देश भर के संतों में भी नाराजगी देखी जा रही है. संत कह रहे हैं कि आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकते।

आप भी जानते हैं और हम भी की इस देश में जब इंदिरा गाँधी और राजीव गाँधी के हत्यारों को फांसी नहीं हो पाती तो लड्डुओं में चर्बी और मछली का तेल मिलाने वालों को क्या ख़ाक फांसी होगी ? हाँ ये तय है की इस मुद्दे पर अब पालटिक्स होगी ,क्योंकि टीटीडी यानि तिरुपति देवस्थानम के पास अकूत सम्पत्ति है। आंध्र प्रदेश की हर सत्ता इस सम्पत्ति का उपभोग करना चाहती है। लड्डू तो एक बहाना भर हैं।

आंध्र प्रदेश में सत्ता बदलते ही 12 जून को ही तिरुपति मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी की जांच के नमूने लिए गए थे। जांच रिपोर्ट 23 जून तक तैयार हो गई, लेकिन खुलासा सितंबर में हुआ जब नायडू सरकार के 100 दिन पूरे हुए। जो रिपोर्ट सामने आई उसमें लड्डू बनाने वाले घी में जो चीजें पाई गई थीं, वो बताती थी कि इसमें गाय के शुद्ध घी की जगह अन्य तिलहन और वस्पतियों के अलावा मछली के तेल और अन्य जानवरों की चर्बी हो सकती है। ये जांच नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड यानी एनडीडीबी के सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड यानी सीएएलएफ लैब में कराई गई थी।

इस सब को जाने दीजिये,क्योंकि लड्डू तो एक बहाना हैं लेकिन असल बात ये है कि देश के राजनितिक दलों के पास जितना पैसा था और है और आगे होगा उससे कई गुना पैसा तिरुपति के बालाजी भगवान के पास है।तिरुपति के बालाजी भगवान ने ये पैसा किसी इलेक्टोरल बांड के जरिये नहीं कमाया बल्कि ये अकूत दौलत देश के अमीर -गरीब भक्तों ने उन्हें स्वेच्छा से भेंट की है। साल 2023 में 773 करोड़ की कीमत का एक हजार 31 किलो सोना भगवान वेंकटेश को चढ़ाया गया. इतना ही नहीं, बालाजी मंदिर का बैंकों में 11 हजार 329 किलो सोना जमा है। मंदिर के नाम से 13 हजार 287 करोड़ रुपए फिक्स डिपॉजिट किया गया है. अप्रैल 2024 तक 18 हजार 817 करोड़ रुपए मंदिर के नाम से बैंक में जमा हो चुका है।टीटी डी ट्रस्ट बोर्ड ने 2024-2025 के लिए कुल 5 हजार 141.74 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है. ये पहली बार है, जब मंदिर का वार्षिक बजट 5,000 करोड़ रुपये के.आंकड़े को पार कर गया है।

लड्डू पलटिक्स के जरिये जहाँ टीडीपी अपने राजनितिक प्रतिद्वंदियों को निबटना चाहती है वहीं भाजपा इनके जरिये अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों से हिसाब बराबर करना चाहती है।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आंध्र के सीएम चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की और प्रसाद की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही जेपी नड्डा ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। सवाल ये है कि क्या इस मामले में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप का अधिकार है ? हर मामले में बिना बोले न रहने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तो दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग कर दी है. वहीं, कांग्रेस ने सीएम नायडू पर सवाल खड़े किए हैं कि तीन महीने तक सीएम ने खुलासा क्यों नहीं किया । अब कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग की है ।

गुजरात की अमूल कम्पनी ने इस मामले में अपना नाम आते ही सफाई दी है की अमूल ने कभी भी टीटीडी को घी की आपूर्ति नहीं की । यानि चोर की दाढ़ी में तिनका। लड्डू पलटिक्स में अभी तक माननीय प्रधानमंत्री नहीं बोले है । वे इस समय चुनावी रैलियों में व्यस्त हैं,वैसे भी वे इस तरह के पचड़ों से दूर रहते हैं ,पास तभी आते हैं जब उन्हें या उनकी सरकार और पार्टी को ऐसे मामलों से कोई लाभ हो । लेकिन लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तिरुपति के लड्डू से जुड़े मामले पर चिंता जताई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पूरे देश में प्रशासन को धार्मिक स्थलों की पवित्रता की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में प्रसाद के अपवित्र होने की खबरें परेशान करने वाली हैं। भगवान बालाजी भारत और दुनियाभर में लाखों श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय देवता हैं। यह मुद्दा हर श्रद्धालु को आहत करेगा और इस पर गहराई से विचार करने की जरूरत है।

चूंकि भाजपा की नजर में राहुल गांधी देश के नंबर एक आतंकवादी हैं इसलिए उनकी बात सुनेगा कौन ? सवाल ये है कि इस लड्डू पॉलटिक्स का अंत क्या होगा ? क्या जगंमोहहं रेड्डी जेल जायेंगे ? क्या आईएनडीआईए पर इन लड्डुओं के बहाने देश में हो रहे विधानसभा चुनावों में हमले किये जायेंगे ? या सचमुच देश की जनता की आस्थाओं और जन स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ को रूकने के लिए राजनीति से ऊपर उठकर कोई कार्रवाई की जाएगी ? मुमकिन है कि मामले का लाभ लेने के लिए राज्य सरकार इस मामले की सीबीआई जाँच के लिए अपनी सहयोगी केंद्र सरकार को खत लिख दे । मुमकिन है कि केंद्र सरकार इस जाँच की आड़ में कांग्रेस और कांग्रेस के सहयोगी जगन मोहन रेड्डी को जेल भेजने की तैयारी करे ,लेकिन कोई भी इस बात की गारंटी नहीं दे सकता कि भविष्य में प्रसादम के लड्डुओं में किसी चर्बी या मछली के तेल युक्त देशी घी का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

टीटीडी के पास इतनी दौलत है कि वो चाहे तो अपने यहां आपूर्ति किये जाने वाले घी,बेसन,मेवों की जांच के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की लैब स्थापित कर ले ,लेकिन वो भी ऐसा शायद ही करे ,क्योंकि उसने भी सब कुछ भगवान व्यंकटेश के भरोसे छोड़ दिया है। होगा वही जो पॉलटिक्स तय करेगी । भगवान और भक्त इसमें कुछ नहीं कर सकते। क्योंकि राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली ,भोपाल और बनारस में मुकदमा दर्ज करना जितना आसान है उतना प्रसादम में चर्बी युक्त घी सप्लाई करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना कठिन है।

(लेखक-राकेश अचल/ईएमएस)

भूजल की कंगाली और अनुपम मिश्र की प्रासंगिकता

हाल में दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल सप्ताह का उद्घाटन करते हुए कहा- संकट से जूझ रहे लोगों की संख्या को कम करने का लक्ष्य पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सतत विकास लक्ष्यों के तहत जल और स्वच्छता प्रबंधन में सुधार के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी को जरूरी है।

जल-संचयन, जल निकासी और जलोपयोग के बीच पूर्ण अनुशासनहीनता जल संकट का मूल है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ढाबों में एक सा खाना, भिन्न मौसम ताप के वाबजूद इमारतों की एक सी डिजाइन, एक से मेटेरियल का इस असंतुलन से गहरा नाता है। बारिश की बूंदों को संजोने की बजाय, पुरखों द्वारा संजोये पताली पानी को बोतलों में बंद करने,उससे मुनाफा कमाने,बांध, नहर नदी जोड़ जैसी मूढ़ परियोजनाओं के चित्र को जैसे ही सामने रखेंगें हम, समझ जाएंगें कि जल संकट प्राकृतिक नहीं, शैतानी इंसानी प्रवृति का दुष्परिणाम है।

बात जब जल संकट की होती है तो अनुपम मिश्र सहज याद आ जाते हैं। उनका चिंतन आज भी प्रासंगिक है।अनुपम जी अपनी पीढ़ी के आखिरी ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत को पर्यावरण की राजनीति समझाई। वही वो व्यक्ति थे,जो चिपको आंदोलन में गए जब वापस आए तो एक हकीकत भरी कहानी उनके साथ लौटी।उन्होंने बताया कि चिपको आंदोलन सिर्फ पेड़ों तक सीमित नहीं था बल्कि लोगों के राजनीतिक पक्षपात से भी जुड़ा हुआ था। लोग पर्यावरण के लिए लड़ रहे थे क्योंकि यह उनके अस्तित्व की लड़ाई थी। उन्होंने पर्यावरण की विशुद्ध राजनीति को समझाया, यह भी समझाया कि इस देश में हाशिए पर खड़े गरीबों की राजनीति कौन सी है और आखिर उनका भूलाया हुआ और उपेक्षित किया जाने वाला ज्ञान कैसे विकास का हिस्सा बनेगा।अपने ढंग से उन्होंने गांधी के आश्रित हो लोक को समझने का प्रयास किया।

गांधी शांति प्रतिष्ठान में साथ बिताए वर्षों के दौरान, अनुपम मिश्र चंडी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व वाले चिपको आंदोलन से बहुत प्रभावित हुए। सत्येंद्र त्रिपाठी के साथ, उन्होंने चिपको आंदोलन लिखा, जो भारत और दुनिया भर के लोगों का ध्यान ''पेड़ों को गले लगाने'' के इस अनूठे आंदोलन की ओर आकर्षित करने में बहुत प्रभावशाली था। सामूहिक अहिंसक प्रतिरोध के इस प्रेरक और प्रभावी रूप में, महिलाओं और पुरुषों ने मांग की कि अगर कोई पेड़ काटा जाना है, तो उन्हें भी उसके साथ काटा जाना चाहिए।

भारत में सदियों से अपनाई जा रही जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी में उन्हें महारथ हासिल था। उन्होंने देश-विदेश में बताया कि किस तरह भारत के अलग-अलह हिस्सों में रहने वाले लोग अपनी भौगोलिक स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और जरूरतों को समझते हुए जल संरक्षण के कारगर तरीके अपनाते थे। उनका कहना था कि आधुनिक जल परियोजनाएं इन पारंपरिक तरीकों के आगे फीकी और कम असरदार हैं।

उनके निधन के बाद धीरे- धीरे लोगों ने उन्हें विस्मृत कर दिया। पर्यावरण के संदर्भ में वे देशज ज्ञान के वाहक थे। गांधी शांति प्रतिष्ठान जो उनकी कर्मभूमि थी, उनकी स्मृतियों को खत्म किया जा रहा है। वहीं झारखंड के रांची में 29 सितम्बर को गोदावरी फांउडेशन द्वारा अनुपम मिश्र को याद किए जाने के कई मायने हैं।

वे ऐसे व्यक्ति थे जो बिना किसी नाम के, बिना आवाज के, बिना गाजे-बाजे के, बस अच्छे काम कर रहे थे। अनुपम जी व्यक्ति खोजते थे, उसे तराशते थे और उसके साथ काम करते थे। इनमें जल पुरूष राजेन्द्र सिंह के साथ साथ कई हस्तियों के नाम हैं।

पर्यावरण संरक्षण आज के युग की बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। भारत में इसका असर विविध रूपों में देखने को मिल रहा है।देश में पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए तक़रीबन 200 से भी अधिक कानून हैं, लेकिन लगभग सभी कानूनों का खुलेआम उल्लंघन होता है इसलिए भारत सर्वाधिक प्रदूषित देशों की सूची में आता है और पर्यावरण संरक्षण के लिए कोई कदम अभी तक प्रभावी सिद्ध नहीं हो पाए हैं।गांधी ने अपनी जीवन यात्रा पहले पूरी की, पर्यावरण शब्द बाद में जन्मा। गांधी वातावरण का जिक्र करते। सारा कुछ प्राकृतिक संसाधनों के उपभोग का अतिरेक है,यह संकट। सूखा और जंगली आग अधिक बार होने लगी है, वर्षा के पैटर्न बदल रहे हैं, ग्लेशियर और बर्फ पिघल रहे हैं और वैश्विक औसत समुद्र स्तर बढ़ रहा है।

भारत में हाल ही में आई जानलेवा गर्मी और सूखे के लिए आंशिक रूप से जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया गया है। विश्लेषण से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन ने ऐसी घटना की संभावना को लगभग 30 गुना बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अतिरिक्त वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ इसी तरह की घटनाओं की संभावना बढ़ती रहेगी।

अनुपम मिश्र को साल 1996 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया था। जमना लाल बजाज पुरस्कार सहित कई अन्य पुरस्कार भी उनके नाम हैं। अनुपम के पिता भवानी प्रसाद मिश्र हिंदी के प्रख्यात कवि थे।जल संरक्षण के क्षेत्र में उन्होंने काफी योगदान दिया है। भारत के गांवों में घूम-घूमकर वह लोगों को पानी बचाने और जल का संरक्षण करने के पारंपरिक तरीकों के बारे में जागरूक करते थे। भारत के पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों की उनकी समझ को लेकर वह ना केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी काफी मशहूर थे। उनकी पुस्तकें, खासकर ''आज भी खरे हैं तालाब'' तथा ''राजस्थान की रजत बूंदें'', पानी के विषय पर प्रकाशित पुस्तकों में मील के पत्थर के समान हैं, और आज भी इन पुस्तकों की विषयवस्तु से कई समाजसेवियों, वाटर हार्वेस्टिंग के इच्छुकों और जल तकनीकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को प्रेरणा और सहायता मिलती है। सबसे बड़ी खासियत है कि अनुपम जी ने खुद की लिखी इन पुस्तकों पर किसी प्रकार का ''कॉपीराईट'' अपने पास नहीं रखा है। इसी वजह से ''आज भी खरे हैं तालाब'' पुस्तक का अब तक विभिन्न शोधार्थियों और युवाओं द्वारा ब्रेल लिपि सहित 19 भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। सामाजिक पुस्तकों में महात्मा गाँधी की पुस्तक ''माय एक्सपेरिमेंट्स विथ ट्रुथ'' के बाद सिर्फ़ यही एक पुस्तक ब्रेल लिपि में उपलब्ध है। सन् 2009 तक, इस अनुकरणीय पुस्तक ''आज भी खरे हैं तालाब'' की एक लाख प्रतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं।

सही अर्थों में भारतीय परिवेश, प्रकृति को गहराई तक समझने वाले अद्भुत विचारक,पर्यावरणविद, निश्चित ही अपनी तरह के विरले कर्मयोगी।अनुपम मिश्र जी पानी बचाने के लिए हमेशा आगे रहे, एक बार गांधी शांति प्रतिष्ठान के परिसर में उनसे मिला, साथ में सूचना एवं जनसंपर्क के उपनिदेशक शिवशंकर सिंह पारिजात थे, उन्होंने पूछा - कितना पानी पियोगे - आधा गिलास या उससे ज्यादा या फिर पूरा गिलास, जितना पियोगे उतना ही दूंगा। पानी बहुत कम है। इसे बर्बाद मत करना।

पत्रकार प्रसून लतांत के अनुसार झारखंड में याद करने और उनकी स्मृति में पर्यावरण के क्षेत्र में काम रहे लोंगो को लोगों को सम्मानित किए जाने के कई मायने हैं। एक तो उनके काम की पहचान और अच्छे कार्यो के लिए प्रोत्साहित करना है। अच्छे काम करनेवालें की कमी न हो। उनके मुताबिक उनकी स्मृति में घनश्याम झारखंड, निलय उपाध्याय, बिहार

सुरेश भाई उत्तराखंड, अमरनाथ पटना बिहार, कमल कश्यप दिल्ली, डॉक्टर दुर्गा दत्त पाठक चंपारण, डॉक्टर कुंदन कुमार, राम प्रकाश रवि, सुपोल बिहार, शिरोमणि कुमार भागलपुर, राजेश कुमार सुमन रोसड़ा, बिहार, निर्भय सिंह कटनी मध्य प्रदेश,राकेश कुमार, मुंगेर बिहार, इस्लाम हुसैन उत्तराखंड, प्रेमलता सिंह बिहार, प्रोफेसर डी एन चौधरी, भागलपुर, डॉ उत्तम पीयूष मधुपुर शेखर, रांची,अमित मकरंद, वैशाली, बिहार, समीर अंसारी, देवघर, संदीप कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश संतोष बंसल, दिल्ली,बरखा लकड़ा, झारखंड, संजीव भगत, झारखंड,विनोद भगत झारखंड, धीरज कुमार सिंह, जमुई, संजय कुमार, पटना,प्रमोद झिंझड़े सोलापुर महाराष्ट्र, दर्शन ठाकुर उज्जैन, खेम नारायण शर्मा छत्तीसगढ़, जितेंद्र कुमार समस्तीपुर,, संजय कुमार दरभंगा, नंदकिशोर वर्मा उत्तर प्रदेश, निशांत रंजन सारण को रांची में अनुपम मिश्र की स्मृति में राष्ट्रीय पर्यावरण सेवी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।झारखंड के संदर्भ मे अनुपम मिश्र को याद किया काफी महत्वपूर्ण है। वे हमेशा कहते थे- हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी भी अकाल अकेले नहीं आता। अच्छे विचारों और अच्छे कामों का अभाव पहले आ जाता है। यहां विचार और काम दोनों में कोई अंतर नहीं है।

झारखंड की बात करें तो जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद की ओर से राज्य भर के लिए किए गए एक अध्ययन के मुताविक पिछले दो वर्षों में रांची और झारखंड के अन्य हिस्सों में जल स्तर में लगातार गिरावट आ रही है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में बताया गया कि रांची में अत्यधिक आबादी, पिछले 50 सालों में तालाबों का अस्तित्व खत्म होने, कम बारिश की वजह से घटते जल स्तर की वजह से भी पानी की कमी हुई है। इस हाल में अनुपम मिश्र की पुस्तक आज भी खरे हैं तालाबकी प्रासंगिकता बढ़ गयी है। उनका मानना था कि तालाबों का महत्व न केवल पानी की आपूर्ति में होता है, बल्कि इससे समुदाय के आत्मिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। संस्कृति और परंपराओं के साथ तालाबों के सांस्कृतिक महत्व भी है। उन्होंने विकास की तरफ़ बेतहाशा दौड़ते समाज को कुदरत की क़ीमत समझाने वाले अनुपम ने देश भर के गांवों का दौरा कर रेन वाटर हारवेस्टिंग के गुर सिखाए। वह ज्ञान समय की मांग है। नदी के सवाल पर उनका चिंतन ऋछ– नदी का भी अपना एक धर्म होता है। एक स्वभाव होता है। नदी का धर्म है बहना । बहते रहना।पिछले एक दौर में हमने विकास के नाम पर, तकनीक की सहायता से नदी के इस धर्म को पूरी तरह बदल दिया है। खेती, उद्योग और शहर में पीने का पानी जुटाने हमने गंगा समेत हर नदी से पानी खींच लिया है। साफ पानी लिया है और फिर इन तीनों गतिविधियों से दूषित हुआ पानी वापस नदियों में डाल दिया है। (लेखक- कुमार कृष्णन/ ईएमएस)

शब्द पहेली - 8136



बाएँ से दाएँ

1.अँगरखा-4
3.मान-सम्मान,इज्जत-3
5.शुभाशीर्वाद,नियामत-4
8.केश-2
10.कसम,प्रतिज्ञा,वचन-2
11.बुरी आदत-2
13.मगरमच्छ-3
15.परिणाम-3
16.माँड़ी,स्टार्च-3
17.अक्षर (उर्दू-3)
19.रोम,केश-2
20.अधिकार,आरोप-2
21.सतह,स्तर,पटल-2
23.लूटपाट,डाका-4
25.सभ्यीकरण,विवेक-3
26.एक प्रसिद्ध कवि-4

ऊपर से नीचे

1.अनोखा,विचित्र,विलक्षण-3
2.नया,नवीन-2
3.इज्जत-2
4.कपोल-4
6.गमन,प्रेषित-3
7.पिता के पिता-2
9.चुनौती-4
13.गंदगी का ढ़ेर-3
14.असावधानी-4
17.जेल,कालकोठरी-4
18.शोर,ध्वनि,कंपन्न-3
20.ताप,शवदाह-2
22.यज्ञ,आहुति दान-3
23.रहस्य-2
24.जल, पानी-3

शब्द पहेली -8135 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

एम्मा राडुकानू पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर

सोल (ईएमएस)। ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से हटने का फैसला किया है। 21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में एम्मा के साथ असुविधा के लक्षण दिखाए थे, विश्व नंबर 13 के खिलाफ शुरू से ही संघर्ष करती रही। पहले सेट के पांचवें गेम के बाद एम्म को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरुआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला कर लिया। चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया।

अपने आखिरी मैच में राडुकानू ने चीन की यू युआन पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। दुनिया में 70वें स्थान पर काबिज ब्रिटिश खिलाड़ी ने लगातार छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर दूसरे पर कब्ज़ा कर लिया। उसने अंततः अपने सातवें मैच प्वाइंट को बदलकर 6-4, 6-3 से जीत हासिल की और सोल में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कसात्किना का सामना हमवतन डायना श्नाइडर या यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा।

एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए हरमनप्रीत सिंह नॉमिनेट

नई दिल्ली (ईएमएस)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए चुना गया है। 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए फिर से चुना जाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होने पर मैं बहुत खुश हूं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह मेरी टीम के समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता। एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में मैंने जितने भी गोल किए हैं, वे सब टीम की बदौलत ही संभव हो पाए हैं।

हरमनप्रीत को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों को ध्यान में रखने के बाद थियरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी म

सरकार और संगठन मुनाफाखोरी पर लगाएंगे लगाम

नई दिल्ली (ईएमएस)। सीमा शुल्क बढ़ने के बाद खाने के तेलों के भाव बढ़ाए जाने की खबरों के बीच कारोबारी संगठनों ने मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। सरकार पहले ही कारोबारी संगठनों को निर्देश दे चुकी है कि त्योहारी सीजन में कीमत नहीं बढ़ाई जाए क्योंकि देश में करीब दो महीने का खाने के तेलों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। सरकार और कारोबारी संगठनों की सख्ती की वजह से त्योहारी सीजन में खाने के तेलों के दाम स्थिर रह सकते हैं। उद्योग जगत के लोगों को कहना है कि आगामी त्योहारी मौसम के दौरान खाद्य तेलों के भाव दाम में कोई उछाल आने की आशंका नहीं है।

नंदिनी ब्रांड से खाद्य तेल उत्पादक कंपनी एनके प्रोटेनिस प्राइवेट लिमिटेड के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी कहते हैं कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी का असर त्योहारी सीजन में नहीं पड़ने वाला है क्योंकि करीब 45 दिनों का स्टॉक पोर्ट में पड़ा है। इसके अलावा करीब 20 दिन का माल कारोबारियों के पास जमा है। इस तरह डेढ़ दो महीने का स्टॉक देश में मौजूद है। अगले महीने से नई फसल आना शुरू हो जाएगी जिससे इसका असर कम होगा। फिलहाल त्योहारी सीजन में कीमतें नहीं बढ़ने वाली है और इसके बाद भी खाद्य तेलों के दाम 10 फीसदी से ज्यादा नहीं बढ़ेगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा किसानों को होगा, जब किसानों को फायदा होगा तो घरेलू उत्पादन बढ़ेगा। आयात कम होगा जो देश के लिए फायदेमंद होगा। यानी सरकार का यह फैसला किसान और देश हित में है।

भारत का यूरोपीय संघ से आयातित वस्तुओं पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने का प्रस्ताव

मुंबई (ईएमएस)। भारत ने यूरोपीय संघ से आयातित कुछ वस्तुओं पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इस्पात उत्पादों पर यूरोपीय संघ के सुरक्षा उपायों पर आम सहमति नहीं बनने के बाद भारत ने यह फैसला ?किया है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को भेजे गए एक संदेश में भारत सरकार ने कहा कि रियायतों का निलंबन यूरोपीय संघ में उत्पादित चुनिंदा उत्पादों पर सीमा शुल्क बढ़ाने का काम करेगा। वर्ष 2018 से 2023 तक यूरोपीय संघ के सुरक्षा उपायों की वजह से भारत को 4.41 अरब डॉलर का कुल व्यापार घाटा हुआ है जिस पर शुल्क संग्रह 1.10 अरब डॉलर होगा। इस हिसाब से भारत द्वारा रियायतों को निलंबित किए जाने पर यूरोपीय संघ में उत्पादित माल पर समान राशि का शुल्क एकत्रित होगा। इस संदेश के मुताबिक पर्याप्त रूप से समान रियायतों को निलंबित करने के अपने अधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए भारत प्रस्तावित निलंबन को तुरंत प्रभावी करने और उत्पादों के साथ सीमा शुल्क दरों को समायोजित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। भारत अगले उचित कदमों के बारे में माल व्यापार परिषद और सुरक्षा समिति दोनों को सूचित करेगा। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूरोपीय संघ ने 25 प्रतिशत के कोटा-मुक्त शुल्क के साथ कुछ इस्पात उत्पाद श्रेणियों के आयात पर सुरक्षा शुल्क को 2026 तक बढ़ा दिया है। इसे पहली बार वर्ष 2018 में लगाया गया था जो बाद में जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। यूरोपीय संघ ने 29 मई, 2024 को कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के अपने प्रस्ताव के बारे में डब्ल्यूटीओ को सूचित किया। भारत इस उपाय से प्रभावित देशों में से एक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यूरोपीय संघ को भारत का लौह एवं इस्पात और उनके उत्पादों का निर्यात बढ़कर 6.64 अरब डॉलर हो गया जो 2022-23 में 6.1 अरब डॉलर था।

हवाई टिकट के भाव बढ़े, दीवाली पर यात्रियों को देना होगा ज्यादा किराया

मुंबई (ईएमएस)। दीवाली के आसपास फ्लाइट टिकट तेजी से महंगे होते जा रहे हैं। एयरलाइन्स की बुकिंग में भी लगभग दोगुना उछाल आया है। एक रिपोर्ट में दी गई जानकारी के अनुसार दीवाली की फ्लाइट बुकिंग्स में करीब 85 फीसदी की तेजी आई है। लोग औसतन 27 दिन पहले ही अपना टिकट बुक कर ले रहे हैं। किराया भी लगभग 15 फीसदी बढ़ चुका है।

पिछले साल हवाई किराया दीवाली से एक हफ्ते पहले तक दोगुना हो चुका है। ऐसे आशंका जताई जा रही है कि इस साल भी किराया तेजी से उछाल मारेगा। एयरलाइन्स को सबसे ज्यादा बुकिंग दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, गुवाहाटी, जयपुर, चेन्नई, लखनऊ, पोर्ट ब्लेयर और पटना जैसी जगहों की मिल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गुवाहाटी के लिए सबसे ज्यादा 386 फीसदी बुकिंग बढ़ी है। लोग त्यौहार पर अपने घर जाने के लिए लालायित हैं। इसके बाद जयपुर के लिए 306 फीसदी और पटना के लिए 271 फीसदी बुकिंग बढ़ी हैं। अन्य शहरों की बुकिंग में भी तेज उछाल जारी है। एक ट्रेवल वेबसाइट ने अगस्त से ही दीवाली फ्लाइट्स की बुकिंग के लिए विशेष अभियान चला दिया था। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि जल्द ही किराया बढ़ने वाला है। बताया जा रहा है ?कि दीवाली के आसपास बुकिंग लगभग 15 फीसदी बढ़ गई है। दीवाली के अलावा छठ पूजा और गोवर्धन पूजा तक फ्लाइट टिकट हर साल काफी महंगे रहते हैं।

मोबाइल सेवा शुल्क बढ़ने से जुलाई में ग्राहकों की संख्या घटी

- बीएसएनएल ने जोड़े सबसे ज्यादा नए ग्राहक

नई दिल्ली (ईएमएस)। जुलाई 2024 में मोबाइल सेवा शुल्क बढ़ने के बाद टेलीकॉम कंपनियों रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में गिरावट देखी गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में देश के कुल मोबाइल ग्राहक घटकर 120 करोड़ 51.7 लाख रह गए, जो जून में 120 करोड़ 56.4 लाख थे। रिपोर्ट के मुताबिक भारती एयरटेल ने जुलाई में 16.9 लाख ग्राहक खो दिए, जो अन्य कंपनियों के मुकाबले सबसे ज्यादा नुकसान था। वोडाफोन आइडिया ने 14.1 लाख ग्राहक गंवाए, जबकि रिलायंस जियो ने 7.58 लाख ग्राहकों का नुकसान उठाया। पिछले दो-तीन वर्षों में एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपनी प्रारंभिक मोबाइल सेवा दरों को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 199 रुपये प्रति 28 दिन कर दिया है। इस शुल्क वृद्धि से ग्राहकों पर वित्तीय दबाव बढ़ा, जिसके परिणामस्वरूप ग्राहक आधार में कमी आई। इसके विपरीत, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी रही, जिसने नए ग्राहकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की। जुलाई में बीएसएनएल ने 29.4 लाख नए मोबाइल उपभोक्ताओं को जोड़ा, जिससे यह कंपनियों के बीच नए ग्राहक जोड़ने में अग्रणी रही। इस प्रदर्शन के चलते बीएसएनएल ने अपनी स्थिति को मजबूत किया, जबकि निजी क्षेत्र की कंपनियों को गिरावट का सामना करना पड़ा। मोबाइल सेवा दरों में वृद्धि का प्रभाव विभिन्न दूरसंचार सर्किलों में देखने को मिला, जैसे पूर्वोत्तर, महाराष्ट्र, राजस्थान, मुंबई, कोलकाता, तमिलनाडु, पंजाब, बिहार, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और आंध्र प्रदेश। इन क्षेत्रों में ग्राहक आधार में गिरावट दर्ज की गई, जो शुल्क वृद्धि के कारण उपभोक्ताओं के असंतोष को दर्शाती है।

आरटीआईः सेबी ने बुच के बारे में जानकारी देने से किया इनकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत जानकारी मांगे जाने पर कहा कि हितों के संभावित टकराव के कारण सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के मामलों से खुद को अलग कर लेने के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है और उन्हें जुटाने पर उसे अपने संसाधनों का अपव्यय करना होगा। पारदर्शिता के लिए काम कर रहे कमोडोर लोकेश बत्रा (सेवानिवृत्त) की तरफ से दाखिल एक आरटीआई आवेदन के जवाब में सेबी ने कहा कि अपने और परिजनों के पास मौजूद वित्तीय परिसंपत्तियों और इक्विटी के बारे में बुच की तरफ से सरकार और सेबी बोर्ड को की गई घोषणाओं की प्रतियां नहीं दी जा सकती हैं।

सेबी ने इस ब्योरे को व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए कहा कि उनके खुलासे से व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इसके साथ ही सेबी ने उन तारीखों की जानकारी देने से भी इनकार कर दिया जब ये खुलासे किए गए थे। सेबी के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने उन घोषणाओं की प्रति देने से इनकार करने के लिए व्यक्तिगत जानकारी और सुरक्षा को आधार बनाया है। आरटीआई आवेदन के जवाब में सेबी ने कहा ?कि मांगी गई जानकारी आपसे संबंधित नहीं है और यह व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित है। इसके खुलासे का किसी सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है। यह व्यक्ति की निजता में अनुचित हस्तक्षेप का कारण बन सकता है और व्यक्ति के जीवन या शारीरिक सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है।

रूस के दो लोगों ने अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने का रिकॉर्ड बनाया

मास्को (ईएमएस)। रूस के दो नागरिकों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉस्मोस ने कहा कि ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब ने 370 दिन, 21 घंटे और 22 मिनट का पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जो सितंबर 2023 में रूस के सर्गेई प्रोकोपीव और दमित्री पेटेलिन तथा अमेरिकी फ्रांसिस्को रुबियो द्वारा स्थापित किया गया था। चूब और कोनोनेंको के रिकॉर्ड में सोमवार को पृथ्वी पर लौटने से पहले कई दिन और जुड़ जाएंगे। कोनोनेंको (59) के नाम अंतरिक्ष में बिताए गए समय के अन्य रिकॉर्ड भी हैं। अगले सप्ताह कजाकिस्तान पहुंचने तक वे पांच अभियानों के दौरान 1,110 दिन अंतरिक्ष में बिता चुके होंगे।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उतार-चढ़ाव

नई ?दिल्ली (ईएमएस)। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम पर आधारित होती हैं। बता दें कि भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। जिसके बाद हर सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल का नए भाव अपडेट करती है। ऐसे ही तेल कंपनियों ने 21 सितंबर श?निवार के लिए पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल मंहगा हो गया है। वहीं कुछ राज्यों ऐसे है जहां में पेट्रोल डीजल सस्ता भी हुआ है। इसके इलावा कई राज्य ऐसे है जहां इनके दाम स्थिर है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.43 रुपये और डीजल 89.95 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.93 रुपये और डीजल 91.75 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर है।

लैपटॉप, टैबलेट की आयात प्रबंधन व्यवस्था तीन महीने और बढ़ेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार लैपटॉप और टैबलेट सहित कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात प्रबंधन के लिए लागू मौजूदा व्यवस्था को तीन महीने बढ़ाने पर ?विचार कर रही है। मौजूदा व्यवस्था की 30 सितंबर तक समीक्षा की जानी है। एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में लैपटॉप एवं टैबलेट जैसे उत्पादों का आयात 8.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया जबकि आयात के लिए सरकारी मंजूरी लगभग 9.5 अरब अमरीकी डॉलर की ही थी। इनमें से अधिकतर आयात चीन से हुआ। सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर और कुछ अन्य आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए आयात प्रबंधन एवं अनुमति व्यवस्था शुरू की थी।

इस व्यवस्था का मकसद बाजार की आपूर्ति पर असर डाले बगैर देश में इन वस्तुओं की आवक पर नजर रखना था। आयातकों को इन उत्पादों के आयात के लिए विभिन्न श्रेणियों में आवेदन करने की अनुमति है। मौजूदा समय में दी गई मंजूरियां 30 सितंबर, 2024 तक वैध रहेंगी। इस तारीख तक आयात की किसी भी मात्रा के लिए प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे।

यह व्यवस्था लागू होने के पहले दिन यानी एक नवंबर, 2023 को सरकार ने एप्पल, डेल और लेनोवो सहित 100 से अधिक कंपनियों के आवेदनों को मंजूरी दी थी। इन कंपनियों ने करीब 10 अरब डॉलर मूल्य के आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात की अनुमति मांगी थी। नाम उजागर न करने की शर्त पर अधिकारी ने कहा ?कि मौजूदा व्यवस्था के विस्तार के लिए कंपनियों की तरफ से औपचारिक अनुरोध आ रहा है। तीन महीने के विस्तार के साथ यह मंजूरी पूरे साल के लिए हो जाएगी। ऐसे में इस साल कोई भी गतिरोध नहीं ?दिखाई दे रहा है।

चीन में बेरोजगारी चरम पर, बच्चे पैदा करने की जगह कुत्ते और बिल्ली पाल रहे लोग

बीजिंग (ईएमएस)। चीन में हुई अजीब घटना से पूरी सरकार बुरी तरह से घबरा गई है। पूरा भारत भी इस खबर को सुनकर हैरान होगा। चीन में ऐसा बवाल शुरू हुआ है कि इस साल बच्चों से ज्यादा पालतू कुत्ते और बिल्ली हो जाएंगे। यानी खुद को महाशक्ति बोलने वाले चीन में अब बच्चों से ज्यादा पालतू जानवर होंगे। रिपोर्ट कहती है कि इस साल के आखिर तक चीन के शहरों में पालतू जानवरों की संख्या चार साल के उम्र के बच्चों से भी ज्यादा होगी। जानकारों ने कहा कि चीन में युवा जोड़े बेरोजगारी की वजह से कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इन लोगों के लिए बच्चे पालना काफी महंगा होचुका है। इसकारण अब चीन के लोग बच्चों की जगह पालतू जानवर पाल रहे हैं। इसमें सबसेज्यादा कुत्ते और बिल्ली शामिल है। कईचीनी जोड़े बच्चों के लिए नहीं इसके बजाय,वे पालतू माता-पिता बन गए हैं। अनुमान के अनुसार, 2030 तक सिर्फ शहरी चीन में पालतू जानवरों की संख्या देशभरमें छोटे बच्चों की संख्या से लगभग दोगुनी होगी। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों और बिल्लियों की संख्या को शामिल किया जाए, तब देश की पालतू स्वामित्व दर और भी अधिक होगी।

वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर देकर कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है, इसलिए वह बेरोजगारी नहीं है, जबकि भारत और अमेरिका सहित पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि जुलाई के महीने में चीन में युवाओं की बेरोजगारी दर 17 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

515 रन स्कोर के नीचे दबी बांग्लादेश की टीम,आज मिलेगी खुशखबरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओपनर शुभमन गिल और विकेटकीपर ऋषभ पंत के शानदार शतक के बदौलत भारतीय टीम ने चेन्नई टेस्ट मैच में जीत की ओर बढ़ गई है। भारत ने बांग्लादेश को 515 रन का टारगेट दिया है। मेहमान टीम इस पहाड़नुमा लक्ष्य के सामने दबती दिख रही है। टीम ने दूसरी पारी में 158 रन पर 4 विकेट गंवा दिए हैं। बांग्लादेश को जीत के लिए अभी 357 रन दरकार हैं। तीसरे दिन का खेल खराब रोशनी की वजह से जल्दी खत्म किया गया। आर अश्विन ने दूसरी पारी में बांग्लादेश की पारी को हिला दिया। उन्होंने 3 विकेट और जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट लेकर मेहमान टीम के सामने हार का संकट पैदा कर दिया। टीम इंडिया को चौथे दिन बड़ी जीत मिल सकती है। इस जीत में सुबह का सेशन अहम रहेगा। भारतीय गेंदबाज पहले सेशन में बांग्लादेश के 6 विकेट लेकर जीत हासिल करना चाहेंगे।

बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी हुई। उसके ओपनर्स ने पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। लेकिन तभी साझेदारी को जसप्रीत बुमराह ने तोड़ा। बुमराह ने जाकिर हसन को 33 के निजी स्कोर पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। जाकिर 33 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अश्विन ने दूसरे ओपनर शादमान इस्लाम को 35 के स्कोर पर और मोमिनुल हक को अश्विन ने 13 रन पर बोल्ड कर दिया। मुशफिकुर रहीम भी 13 रन बनाकर आउट हुए।

इसके पहले, भारत ने तीसरे दिन के खेल की शुरुआत 3 विकेट पर 81 रन से आगे खेलना शुरू किया। शुभमन गिल और ऋषभ पंत संभलकर शुरुआत की। दोनों ने अपने अपने शतक पूरे किए। गिल 176 गेंदों पर 10 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 119 रन बनाकर नाबाद लौटे। वहीं पंत 128 गेंदों पर 109 रन बनाकर आउट हुए। पंतने 13 चौके और 4 छक्के जड़े। केएल राहुल 19 गेंदों पर 22 रन बनाकर नाबाद लौटे। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 2 विकेट लिए।

पंत ने टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। पंत ने पिछला टेस्ट बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। उन्होंने तब मीरपुर टेस्ट में 93 रन की पारी खेली थी और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं गिल 2024 में भारत की ओर से टेस्ट में सर्वाधिक सेंचुरी जड़ने वाले बल्लेबाज बने हैं। गिल ने इस साल 7 टेस्ट में तीन शतक जड़ दिए हैं। केएल राहुल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 8000 रन भी पूरे किए। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास में गिल का यह पांचवां शतक है।

अमेरिकी यात्रा पर पीएम मोदी.....खालिस्तान समर्थक सिखों से मिला बाइडेन प्रशासन

वॉशिंगटन (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने शनिवार को अमेरिका पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिन की यात्रा पर भारत और अमेरिका ही नहीं दुनिया की नजरें है। वहीं पीएम मोदी के इस दौरे से ठीक पहले अमेरिका ने कुछ ऐसा किया है, जो भारत को नाराज कर रहा है। ये मामला खालिस्तानी पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़ा है। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों ने खालिस्तान समर्थक सिख नेताओं से मुलाकात की है। वहीं एनएसए अजीत डोभाल को भी अमेरिकी कोर्ट ने समन जारी किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने सिख नेताओं से मुलाकात की। व्हाइट हाउस और अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के साथ सिख नेताओं की यह बैठक जो बाइडन और नरेंद्र मोदी से मुलाकात से दो दिन पहले हुई।

अमेरिका की ओर से भारत पर गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ हत्या की साजिश के मामले में उंगली उठाई गई है। इस बैठक में अमेरिकी अधिकारियों ने सिख नेताओं को इस संबंध में भारत के साथ सरकार की चल रही बातचीत के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने सिख समुदाय को आश्वस्त करने की कोशिश की कि उनकी सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। बैठक में शामिल हुए अमेरिकन सिख कॉकस कमेटी के संस्थापक प्रीतपाल सिंह ने कहा, हमने अपने समुदाय की सुरक्षा में सतर्कता के लिए वरिष्ठ संघीय सरकारी अधिकारियों को धन्यवाद किया। हाल ही में पन्नू ने खुद को मारने की कोशिश को लेकर भारत के खिलाफ एक नागरिक मुकदमा भी दायर किया है।

ब्रिटेन में तूफान, ओलावृष्टि और भारी बारिश की चेतावनी

लंदन (ईएमएस)। भारत में खराब मौसम के बाद अब ब्रिटेन में भी मौसम विभाग ने गंभीर चेतावनी जारी की है। शनिवार को ब्रिटेन के कई हिस्सों में तूफान और ओलावृष्टि के कारण जीवन के लिए खतरा पैदा हो जाने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें कुछ ही घंटों में 70 मिलीमीटर तक बारिश की संभावना है। यह अलर्ट विशेष रूप से वेल्स, दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड, मिडलैंड्स और दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के कुछ हिस्सों के लिए जारी किया गया है।

यहां बताते चलें कि शुक्रवार को भी दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड, वेल्स के कुछ हिस्सों, मिडलैंड्स और पश्चिमी लंदन के लिए चेतावनी जारी की गई थी। मौसम विभाग ने बताया कि तूफानी हवाओं की रफ्तार 500 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। इसके साथ ही बिजली गिरने, ओलावृष्टि और भारी बारिश से इमारतों को नुकसान पहुंचने, सार्वजनिक परिवहन में बाधा उत्पन्न होने और बाढ़ की आशंका भी जताई गई है।

मौसम विभाग के मुख्य मौसम विज्ञानी जेसन केली ने कहा, यह चेतावनी उन क्षेत्रों के लिए जारी की गई है जहां गरज के साथ भारी बारिश का सबसे अधिक जोखिम है। उप मुख्य मौसम विज्ञानी डैन हैरिस ने भी अगले हफ्ते भारी बारिश की संभावना जताई है, जिससे सोमवार के लिए भी नई चेतावनी जारी की जा सकती है। इस खराब मौसम को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, विशेषकर वेल्स, दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड और मिडलैंड्स में। तूफानी हवाओं के साथ ओले गिरने और बिजली गिरने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की चेतावनी दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय जासूस मामले में अमेरिका और कनाडा से अलग रुख अपनाया

वाशिंगटन (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भारतीय जासूस के कथित मामले पर अमेरिका और कनाडा से अलग रुख अपनाते हुए कहा कि इस तरह के मामलों को निजी तौर पर और राजनयिक तरीके से उठाया जाता है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस सप्ताह के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन होने वाला है, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अल्बानीज भी भाग लेंगे।

अमेरिका की यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से भारतीय जासूस से जुड़े आरोपों पर सवाल किया गया था। जवाब में अल्बानीज ने स्पष्ट किया किवे इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने के बजाय इसे निजी और कूटनीतिक स्तर पर उठाना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, मैंराजनयिक तरीके से काम करता हूं और चर्चाएं निजी तौर पर करता हूं। निस्संदेह, यह मामला उठाया जाएगा, लेकिन भारत औरऑस्ट्रेलियाकेबीच संबंध बेहद मजबूत हैं।

आॉस्ट्रेलिया का यह रुख अमेरिका और कनाडा से भिन्न है। खासतौर पर तब जबकि अमेरिका और कनाडा द्वारा भारत पर अपने ही नागरिकों को निशाना बनाने और चुनावों में हस्तक्षेप जैसे आरोप लगाए गए हैं। कनाडा में तो इस मुद्दे पर न्यायिक जांच भी हो रही है और संसद में बहस छिड़ी हुई है। कनाडा की सुरक्षा एजेंसी ने भारत पर चुनावों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने इस मामले में अपने फाइव आइज गठबंधन के सदस्यों (अमेरिका, यूके, कनाडा और न्यूजीलैंड) से एक अलग रुख अपनाया है। बताते चलें कि फाइव आइज एक खुफिया साझेदारी है, जिसके सदस्य अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में सहयोग करते हैं। प्रधानमंत्री अल्बानीज की इस टिप्पणी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, खासतौर पर ऐसे समय में जबकि वे क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका दौरे पर हैं।

इजरायल का बेरुत पर हवाई हमला, हिज्बुल्लाह कमांडर अकील समेत 59की मौत

तेल अवीव (ईएमएस)। इजरायली सेना ने शुक्रवार को बेरूत में हवाई हमला किया, जिसमें हिज्बुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर इब्राहिम अकील समेत सात की मौत हो गई और 59 लोग घायल हो गए। इजरायल-हमास युद्ध की शुरुआत के बाद से बेरूत के दक्षिणी में होने वाला यह तीसरा हवाई हमला था। इस क्षेत्र में जारी संघर्ष अब गाजा से लेबनान की तरह मुड़ गया है।

हिज्बुल्लाह को बीते दिनों इजरायल की ओर से अभूतपूर्व हमले का सामना करना पड़ा है। इसमें 16 सितंबर को हुआ पेजर अटैक भी शामिल है, जब हिजबुल्लाह के लड़ाकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हजारों संचार उपकरणों में अचानक विस्फोट होने लगा था। इस घटना में 37 लोग मारे गए और तीन हजार से ज्यादा घायल हो गए थे हिज्बुल्लाह ने पेजर अटैक के पीछे इजरायल की साजिश होना बताया था।

इब्राहिम अकील हिजबुल्लाह की शीर्ष सैन्य इकाई, रादवान फोर्स का प्रमुख था। वह फुआद शुकर के बाद हिज्बुल्लाह सशस्त्र बलों का सेकंड कमांडर-इन-चीफ था। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से इब्राहिम अकील की मौत की पुष्टि हो गई है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इब्राहिम अकील ने हिज्बुल्लाह के शीर्ष सैन्य निकाय, जिहाद परिषद में भी अपनी सेवाएं दी थीं।

बता दें कि इस साल 27 जुलाई को हिज्बुल्लाह ने इजरायल के मजदल शम्स में एक फुटबॉल ग्राउंड पर रॉकेट दागा था, जिसमें 12 बच्चों की मौत हो गई थी। इस हमले के लिए इजरायल ने फुआद शुकर को जिम्मेदार बताया था। इजरायल ने 30 जुलाई, 2024 को बेरूत में हवाई हमला करके हिज्बुल्लाह के शीर्ष कमांडर फुआद शुकर को मार दिया था। इस हमले में शुकर का सहयोगी और हमास लीडर सालेह अल-अरुरी भी मारा गया था। इस बीच इजरायल ने हिज्बुल्लाह के संभावित खतरों से अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपना अभियान जारी रखने की कसम खाई है।

आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हिजबुल्लाह ने इजरायली नागरिकों पर आठ हजार से ज्यादा रॉकेट, मिसाइल और यूएवी से विस्फोटक दागे हैं, जिससे 60 हजार से ज्यादा इजरायलियों को अपने घरों से निकलने के लिए मजबूर हो गए है। उन्होंने कहा कि इजरायली नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम लेबनान के सभी क्षेत्रों में अपना ऑपरेशन जारी रखेंगे।

लेबनान में पेजर ब्लास्ट से जुड़ा केरल का नाम- यहां के एक दर्जी के बेटे ने लगाया था दिमाग

बेरुयत(ईएमएस)। लेबनान में हुए पेजर्स और वॉकी-टॉकी में धमाकों ने पूरी दुनिया का दिमाग हिला दिया है।कई एंगलों पर चल रही जांच में तरह तरह के कारण आ रहे हैं। लोग हैरान हैं कि आखिर इतना दिमाग लगाया किसने? इसके पीछे एक भारतीय का नाम भी सामने आ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिजबुल्लाह के पेजर डील में नॉर्टा ग्लोबल लिमिटेड नाम की एक बुलगेरियाई कंपनी शामिल थी। इस कंपनी की स्थापना नॉर्वे के नागरिक रिंसन होज़े ने की थी। बताया जाता है कि होज़े का जन्म केरल के वायनाड में हुआ था। वहां से एमबीए पूरा करने के बाद वह नॉर्वे चले गए थे। केरल के प्रमुख अखबार के अनुसार, रिंसन के पिता होज़े मुथेदम यहां मनांथावड़ी की दुकान में दर्जी का काम करते थे, उन्हें इलाके में 'टेलर होज़े' के नाम से जाना जाता है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि केरल के एक साधारण से परिवार में जन्मा रिंसन होज़े का नाम कैसे लेबनान के पेजर ब्लास्ट से जुड़ गया। दरअसल हिजबुल्लाह सदस्यों के हजारों पेजर फटने के बाद सबसे पहला ध्यान पेजर बनाने वाली कंपनी पर गया। इन पेजर्स पर ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो का ब्रांड नाम था। हालांकि, गोल्ड अपोलो के संस्थापक और अध्यक्ष सू चिंग-कुआंग ने सफाई देते हुए कहा कि 'ये पेजर्स हमारे नहीं हैं। इस पर सिर्फ हमारा ब्रांड था'।

नॉर्वेजियन नागरिक बन चुके रिंसन होजे ने 2022 में नॉर्टा ग्लोबल की स्थापना की थी। यह बुल्गारिया की राजधानी सोफिया के एक आवासीय पते पर स्थित था। हालांकि बल्गेरियाई सुरक्षा एजेंसी सांस की जांच में कहा गया है कि पेजर का कोई शिपमेंट उनके देश से नहीं गुजरा और इस तरह रिंसन होज़े और उनके नॉर्टा ग्लोबल को क्लीन चिट मिल गई। कुआंग ने इस पेजरों को हंगरी की एक कंपनी बीएसी कंसल्टिंग से जोड़ा। उन्होंने कहा कि वे पेजर बुडापेस्ट स्थित कंपनी ने बनाए थे, जिसका उनकी फर्म के साथ तीन साल का लाइसेंस समझौता था। हालांकि, हंगरी के मीडिया आउटलेट टेलेक्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि बीएसी कंसल्टिंग 'लेन-देन में बस एक बिचौलिया था'। टेलेक्स ने बताया कि बीएसी का कोई ऑफिस भी नहीं था और यह बस एक पते पर रजिस्टर्ड था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बीएसी कंसल्टिंग इजरायल द्वारा स्थापित एक फर्जी फर्म हो। टेलेक्स ने बताया, 'बीएसी कंसल्टिंग की मैनेजिंग डायरेक्टर क्रिस्टियाना बार्सनी-आर्किडियाकोनो ने सोफिया स्थित एक बल्गेरियाई कंपनी, नॉर्टा ग्लोबल लिमिटेड के साथ सौदा किया।' बताया जाता है कि बुल्गारिया स्थित इस नॉर्टा ग्लोबल की स्थापना केरल के वायनाड में जन्मे रिंसन होज़े ने की थी।

बाप रे बाप.....इस देश में एक-दूसरे की बीवियों को चुराने की परंपरा

साहेल (ईएमएस)। दुनियाभर में कई ऐसी जनजातियां हैं, जिनके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। ये जनजातियां अपने आप में किसी रहस्य से कम नहीं हैं। इन समाज का अपना एक अलग ही कायदा और कानून होता है। किसी जनजाति में मर्दानगी साबित करने के लिए खतरनाक चीटिंयों से खुद कटवाना पड़ता है, तब किसी ट्राइब की महिलाएं शादी से पहले ही अपने पसंदीदा पुरुष से सुहागरात मना लेती हैं। ऐसी ही एक रहस्यमय जनजाति का नाम वोदाब

सूरत के कीम के पास ट्रेन पलटने की साजिश, रेलवे स्टाफ की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

सूरत,21 सितंबर,(प्रतिनिधि द्वारा)

यूपी लाइन ट्रैक से फिश प्लेट और चाबियां: उत्तर प्रदेश की तरह गुजरात में भी ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश का खुलासा हुआ है. हालांकि रेलवे स्टाफ की सतर्कता के चलते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ. एक बड़ी आपदा घटित होने से पहले ही टल जाती है।

पश्चिम रेलवे, वडोदरा डिवीजन ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि कुछ अज्ञात लोगों ने खिम रेलवे स्टेशन के पास अप लाइन ट्रैकसे फिश प्लेट और चाबियां खोलकर ट्रैक पर रख दी हैं, जिसके बाद ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है। हालाँकि, जल्द ही लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू कर दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के रामपुर में कुछ असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर टेलीफोन तार लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला छह मीटर लंबा लोहे का पुराना खंभा रख दिया. हालांकि, देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन के ड्राइवर द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाने से हादसा टल गया।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रामपुर से करीब 43 किलोमीटर दूर रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशन के पास हुई. रुद्रपुर सिटी सेक्शन के रेलवे इंजीनियर राजेंद्र कुमार की शिकायत पर रामपुर के राजनीतिक रेलवे पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

फर्रुखाबाद में भी 24 अगस्त को इसी तरह की एक घटना में कासगंज-फर्रुखाबाद रेलवे ट्रैक पर भटासा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर बड़े-बड़े लकड़ियाँ रख दी गई थीं, जिनसे टकराकर एक पैसेंजर ट्रेन रुक गई थी. समय-समय पर इस तरह की घटनाओं को देखते हुए रेलवे स्टाफ के साथ जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस भी सतर्क हो गई है।

एमपी में पकड़ी गई प्रतिबंधित दवाओं की जांच ट्रेन पहुंची वडोदरा, भारी मात्रा में टेबलेट और सिरप जब्त

वड़ोदरा,21 सितंबर

मध्यप्रदेशमेंजब्तकीगई प्रतिबंधित दवाओंकी जांच ट्रेन अहमदाबाद और भावनगरहोते हुए वड़ोदरा पहुंच गई है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में सिरपऔर गोलियां जब्त कीं और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया.

दिल्ली केनारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और मध्य प्रदेश पुलिस ने प्रिस्क्रिप्शन कोडीन सिरप बनाने वाली मध्य प्रदेश की क्लोरोफिल्स बायोटेक पर छापा माराऔरबड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवा जब्त की।

इस चैप्टर की जांच अहमदाबाद और भावनगर तक पहुंची. जिसमें एनसीबी नेदोनों शहरों से एक-एक शख्स को गिरफ्तार किया था और दो दिनपहलेअहमदाबाद से ढाई लाख टैबलेट जब्त की गई थीं.

सांसदकीकंपनीकागोदाम वडोदरा के रावपुरा इलाके में घिकाटा रोड पर स्थित होने की सूचना मिलने के बाद एनसीबीने पुलिस और खाद्य एवंऔषधि विभाग की एक टीम के साथकल रात छापेमारी की थी। पुलिस ने गोदाम से कोडीन सिरप की 850 बोतलें और ट्रामाडोल की15,300 गोलियां जब्त कीं. टीम ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकरपूछताछ की है।

ब्रांडेड कंपनी के डुप्लीकेट कपड़े बेचने के आरोप में व्यापारी को हरणी रोड, वडोदरा से गिरफ्तार किया गया

वडोदरा, 21 सितंबर

ब्रांडेड कंपनियों के डुप्लीकेट कपड़े: वडोदरा के हरणी रोड पर एक ब्रांडेड कंपनी के डुप्लीकेट कपड़े बेचने वाले व्यापारी की दुकान पर पुलिस ने कंपनी के एक आदमी के साथ छापा मारा। दुकान से जींस पैंट व शर्ट पैंट मिले, जिनकी कीमत 1.29 लाख जब्त की गयी. कर्मचारी की शिकायत के आधार पर डुप्लीकेट माल बेचने वाले व्यापारी को हिरासत में लिया गया है और आगे की कार्रवाई की गई है.

वडोदरा में हरणी समा लिंक रोड पर द स्टेटस मधुवन के निवासी जयतिलाल प्रेमजीभाई पटेल, हरणी गडा सर्कल के सामने अल्ट्रा फैशन (द फैशन पॉइंट) नामक एक दुकान चलाते हैं। जिसमें मुफ़्ती के नाम की नकल करके डुप्लीकेट जींस पैंट और जींस शॉर्ट पैंट के रूप में बेचा जाता है।

जिसकी जानकारी कंपनी को मिल गई. इसके आधार पर 20 सितंबर को कंपनी के कानूनी विभाग के एक व्यक्ति ने हरणी पुलिस के साथ गड़ा सर्कल के पास एक कपड़ा दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दुकान से डुप्लीकेट या कॉपी की गई मुफ्ती ब्रांड की जींस पैंट नंबर 58 कीमत 78 हजार रुपये और शॉर्ट पैंट नंबर 73 कीमत 51 हजार रुपये कुल 1.29 लाख रुपये जब्त किये गये. कंपनी के कानूनी विभाग में काम करने वाले एक कर्मचारी की शिकायत के आधार पर हरणी पुलिस ने दुकान के मैनेजर को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई की है.

वडोदरा जिले में बारिश और बाढ़ के कारण गड्ढों की मरम्मत का काम तीन दिन में पूरा हो जाएगा

वड़ोदरा,21 सितंबर

वडोदरा जिले में बाढ़ के प्रकोप के कारण सड़कों पर बने गड्ढों को भरने का चल रहा काम अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। जिले में यह कार्य तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में पथ एवं भवन विभाग द्वारा लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है. सड़क एवं भवन विभाग (राज्य) के वडोदरा ग्रामीण कार्यालय के अंतर्गत कुल 58 सड़कें हैं। इसमें 41 राज्य राजमार्ग, 15 प्रमुख जिला सड़कें और 3 अन्य जिला सड़कें हैं। इन मार्गों की कुल लंबाई 920 किमी है। मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण इन सड़कों पर जगह-जगह पानी से भरे गड्ढे हो गए। यहां तक कि वडोदरा जिले में भी, सरकार से गड्ढे को तुरंत ठीक करने के निर्देश मिलने के बाद सड़क और भवन विभाग ने सड़कों की मरम्मत के लिए तत्काल काम किया।

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि अब तक लगभग 820 किमी लंबाई की सड़कों पर पड़े गड्ढे भर दिये गये हैं. उस अनुपात को देखें तो 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है. अब करीब पांच सड़कें ही गड्ढे भरने के लिए बची हैं। दोष दायित्व अवधि के तहत वडोदरा से दाभोई, वाघोडिया, डुमाड से सावली सहित पांच सड़कों की मरम्मत का काम उस एजेंसी से कराया गया है। दूसरी ओर,वडोदरा शहर में भी भारी बारिश के कारण सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे और पिछले 30 अगस्त से अब तक 10,380 से अधिक गड्ढों की मरम्मत की जा चुकी है।

वडोदरा में शराब तस्करों का बोलबाला: वुडा के घर और मोपेड से शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

वडोदरा 21 सितंबर(प्रतिनिधि द्वारा)

पुलिस ने बापोड जकातनाका इलाके में एक घर पर छापा मारा और बड़ीमात्रा में विदेशी शराब और एक डिलीवरी कार जब्त की। बापोद जकातनाका के पास वुडा के घर में रहने वाला भावेश चंद्रकांत राजपूत घर में बड़ी मात्रा में शराब छिपाकर कार में तस्करी कर रहा था, क्राइम ब्रांच की टीम ने छापा मारा।

पुलिस ने उक्त स्थान से नरेंद्र उर्फ भारयो रमेशभाई परमार (किशनवाड़ी, वुडा के घर) को पकड़ा और उसका मोबाइल फोन और 3000 नकद जब्त कर लिया। पुलिस ने भवेश के घर पर छापेमारी की तो अंदर 2.35 लाख रुपये कीमत की 1553 बोतल विदेशी शराब मिली. वहीं डिलीवरी के लिए रखी गई कार को भी जब्त कर लिया गया है और भावेश की तलाश की जा रही है.

जबकि एक अन्य घटना में, पीसीबी पुलिस को सूचना मिली कि बूटलेगर प्रेम पहलवान और उसके आदमी वारसिया क्षेत्र में शराब बेच रहे थे, इसलिए पीआई सीबी टंडेल के निर्देश के अनुसार, कर्मचारियों ने उक्त स्थान पर छापा मारा, प्रेम सेवकराम पहलवान (एसके कॉलोनी के निवासी) और मनोज नारायणदास लालवानी (निवासी रामापीर मोहलून वारसिया) मिला। पुलिस ने दोनों के मोपेड की डिक्की से 14800 रुपये मूल्य की विदेशी शराब की बोतलें और बीयर के टीन जब्त किये. इसके अलावा, पुलिस को शराब बिक्री के 24,760 रुपये, तीन मोबाइल फोन और दो मोपेड मिले और कुल 2.19 लाख रुपये जब्त किए गए।

जब उनसे पूछा गया कि इतनी मात्रा में शराब और बीयर कहां से लाए गए, तो उन्होंने कहा कि शराब तस्कर लालचंदुरभाई लालो हेमनदास नेखनारी से शराब मंगवाई थी। जिन्होंने दोनों उर्फ विवेक से संपर्क कर शराब मंगाने को कहा, हमने दोनों से संपर्क किया और शराब का ऑर्डर दिया. इसलिए पुलिस ने दोनों को वांछित घोषित कर दिया है।

वडोदरा में सेल्फ ड्राइव के नाम पर किराए पर ली गई कार बार-बार गिरवी रखी गई

वडोदरा 21 सितंबर(प्रतिनिधि द्वारा)

वडोदरा न्यू वीआईपी रोड पर रहने वाले एक युवक को सेल्फ ड्राइव के बहाने एक व्यक्ति अपने साथ ले गया। शुरुआत में नियमित किराया भी दिया जाता था. लेकिन कार मालिक ने किराया देना बंद कर दिया और बार-बार फोन कर किराया और कार की मांग करने लगा। फिर एक कार लौटा दी गई. लेकिन दूसरी कार किसी तीसरे व्यक्ति के पास गिरवी रख दी गई। जिस शख्स को इस शख्स से कार चाहिए थी, वह मालिक से पैसे की मांग कर रहा था. इसलिए कार मालिक ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है।

वडोदरा शहर के न्यू वीआईपी रोड स्थित मानेकपार्क सोसायटी निवासी अक्षय रजनीकांत राणा ने शिकायत दर्ज कराई है कि मैं जांगरिया स्थित राजशील केमिकल फैक्ट्री का कारोबारी हूं। 13 सितंबर को मैंने अपने पिता के नाम पर एक कार खरीदी। वर्ष 2023 में, वीआईपी रोड पर एआर ऑटो टैग नामक एक दोपहिया गैरेज खोला गया था और मुझे इसके मालिक कुलदीप भाई के बारे में पता चला क्योंकि हमारे बगल में दो या तीन दुकानें छोड़कर डर्टी टू क्लीन नामके एक वॉशिंग गैरेज था। वह धुलाई के अलावा सेल्फ ड्राइव का बिजनेस भी कर रहा था। तो उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं सेल्फ-ड्राइव व्यवसाय के लिए आपकी स्वामित्व वाली दो कारों को किराए पर देता हूं, तो मैं आपको सहमत किराए का भुगतान करूंगा। वर्ष 2023 में कुलदीप मोभ के ग्राहक तुषारकुमार हितेंद्र पटनवाडिया मेरे गैराज में आए और दोनों कारों को महाराष्ट्र के एग्रेटपुरी नेशनल हाईवे के काम में लगाने की बात हुई। तो मैं तैयार हो गया और फिर 5500 रुपये में क्रेटा कार किराए पर लेने का फैसला किया।

तभी तुषारकुमार पाटनवाडिया का फोन आया कि मैं आपकी दूसरी कार एक महीने के लिए किराए पर लेना चाहता हूं, जिसका किराया दो हजार रुपए तय हुआ। मित्र कुलदीप मोभ सेल्फ कार रेंटल का व्यवसाय करता था इसलिए तुषार ने मुझे अपने लेटर पैड पर लिखा और अपने आधार कार्ड की एक प्रति दी। उन्होंने मेरी दोनों कारों को किराए पर लेते समय शुरुआत में सहमति के अनुसार मुझे किराया दिया। फिर उन्होंने जनवरी-2024 से मुझे किराया देना बंद कर दिया. इसलिए मैं उसे अक्सर मोबाइल पर कॉल करता था और वह मेरा फोन नहीं

गुजरात हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा फैसला दिया है हाईकोर्ट ने कहा कि कोई व्यक्ति बालिग महिला के साथ वादा करता है और उसके बाद उन दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनते हैं तो उस व्यक्ति पर दुष्कर्म का मुकद्दमा चलाया नहीं जा सकता है उस व्यक्ति पर तब भी दुष्कर्म का केस नहीं चल सकता है, जब वह व्यक्ति अपना वादा निभाने में असफल रहा हो हाईकोर्ट ने कहा कि पुरुष को तभी दोषी ठहराया जा सकता है जब यह साबित हो जाए कि शादी का वादा बिना किसी इरादे से किया गया हो क्योंकि यही एक मात्र कारण था जिसके कारण महिला ने शारीरिक संबंध बनाने की सहमति दी थी गुजरात हाईकोर्ट के न्यायधीश दिव्येश जोशी ने अपने आदेश में कहा कि उपर्युक्त प्रावधान का सरसरी तौर पर अवलोकन करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि पूरे प्रावदान में किसी व्यक्ति द्वारा किसी महिला के साथ दुष्कर्म करने के बारे में एक शब्द भी नहीं है जो उसका प्रेमी है क्योंकि प्यार शब्द अपने आप में सहमति को दर्शाता है हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 376(2)(जे) उस महिला से संबंधित है जो सहमति देने में असमर्थ है, जिसका अर्थ है कि वह या कम उम्र की लड़की है जो उसके द्वारा दी जा रही सहमति के परिणामों को समझने के लिए पर्याप्त रूप से परिपक्व नहीं है, या मानसिक रूप से विकलांग लड़की या महिला है हाईकोर्ट ने कहा कि अब सवाल यह बनता है कि क्या आरोपी द्वारा महिला से शादी के वादे पर इतना भरोसा किया जा सकता है कि आरोपी को बलात्कार के अपराध में दोषी ठहराया जा सकेइसका जवाब नहीं है हर मामले में पुरुष जहां किसी महिला से वादे के बावजूद शादी करने में विफल रहता है तो उसे बलात्कार के अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुरुष को तभी दोषी ठहराया जा सकता है जब यह साबित हो जाए कि बिना किसी इरादे के शादी का वादा किया गया था और यही एकमात्र कारण था कि महिला उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए सहमत हुई। झूठे वादे और वादे के उल्लंघन के बीच अंतर पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि झूठा वादा एक ऐसे वादे से संबंधित है जिसे आरोपी का शुरू से निभाने का कोई इरादा नहीं था। हाईकोर्ट ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कि अगर कोई लड़का किसी से प्यार करता है, तो वह किसी दूसरे साथी के साथ संबंध बना सकता है अगर उसके परिवार वाले उसे किसी और से शादी करने के लिए मजबूर करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वादा किया गया था हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए एक पुरुष के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म का मामला खारिज कर दिया हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि हर मामले में जहां कोई पुरुष ऐसे वादे के बावजूद किसी महिला के साथ यौन संबंध बनाता है और शादी नहीं करता है तो वह आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार के अपराध का दोषी नहीं है।

सूरत के सैनिक कुमार छात्रा वास में पूर्व सैनिकों और पूर्व सैनिकों के बच्चों का प्रवेश शुरू

वलसाड जिला. 21 सितम्बर

वलसाड, नवसारी, डांग, तापी, सूरत, भरूच और नर्मदा जिले के रहने वाले शहीद जवान स्व. पूर्व सैनिकों और पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए सूरत के सरथाना में एक शैक्षणिक संस्थान, गौरव सेनानी भवन में एक सैनिक कुमार छात्रावास का निर्माण किया गया है। इस छात्रावास में सेंट. कक्षा 8 या उससे ऊपर के नियमित छात्रों के रूप में पढ़ने वालों को बोर्डिंग और डाइनिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। सहायक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इच्छुक शहीद सैनिक, भूतपूर्व सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के माता-पिता जो इस छात्रावास में प्रवेश पाने के इच्छुक हैं वे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें। नमूने के अनुसार कार्यालय में उपलब्ध होते ही। अधिक जानकारी के लिए कृपया सूरत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के दूरभाष नंबर 0261-2913820 या 9426802820 पर संपर्क करें।

पूर्व सांसद रामसिंह राठवा के भतीजे की गोली मारकर हत्या, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

छोटाउदेपुर (ईएमएस) ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (ट्राइफेड) के चेयरमैन और पूर्व सांसद रामसिंह राठवा के भतीजे कुलदीप राठवा की बीती रात गोली मारकर हत्या से सनसनी फैल गई पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कर दोनों की तलाश तेज कर दी है एक आरोपी रिटायर्ड आर्मीमेन है, जिसने पुरानी रंजिश में अपने साथी के साथ मिलकर कुलदीप राठवा की गोली मारकर हत्या की और मोटर साइकिल पर फरार हो गया जानकारी के मुताबिक पूर्व सांसद रामसिंह राठवा के छोटे भाई का बेटा कुलदीप राठवा बीती रात करीब पौने दस बजे के आसपास पत्नी के साथ अपने घर लौट रहा था उस वक्त मोटर साइकिल पर दो शख्सों में से एक ने कुलदीप पर फायरिंग की और फरार हो गए फायरिंग में गंभीर रूप से घायल कुलदीप को तुरंत एंबुलेंस 108 की मदद से क्वांट के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया क्वांट पुलिस थाने में राजपालसिंह जामसिंह राठवा ने अमला रेवजीभाई राठवा और शंकर सनजीभाई राठवा के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज करवाई है शिकायत के मुताबिक घटना के वक्त अमला बाइक चला रहा था और शंकर राठवा ने कुलदीप राठवा पर फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए शिकायत में यह उल्लेख किया गया है कि भूतकाल में सरपंच के चुनाव को लेकर कुलदीप और शंकर राठवा के बीच झगड़ा हुआ था उस वक्त शंकर ने कुलदीप को जान से मार देने की धमकी दी थी शंकर राठवा पूर्व आर्मीमेन है

वलसाड जिला कलक्टर नैमेश दवे की अध्यक्षता में जिला समन्वय-वी-शिकायत समिति की बैठक में जनहित से जुड़े सवाल उठाए

वलसाड, 21 सितम्बर.

वलसाड कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला समन्वय-वी-ग्रीवेंस समिति की बैठक जिला कलेक्टर श्री नैमेश दवे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये मुद्दों का समन्वय से निराकरण करें।

बैठक में वलसाड-डांग सांसद धवलभाई पटेल ने पिछली समन्वय बैठक में रेलवे एवं दूरसंचार विभाग द्वारा उठाए गए मुद्दों पर रेलवे एवं दूरसंचार विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में संबंधित विभागों को जानकारी दी.

वलसाड रेलवे स्टेशन की समस्याओं को लेकर रेलवे विभाग के स्टेशन अधीक्षक आर. सी। मीना ने कहा कि वलसाड रेलवे स्टेशन पर फिलहाल 64 ट्रेनें रुकती हैं. वहीं वलसाड रेलवे स्टेशन से अपने तय रूट पर 13 ट्रेनें आती-जाती हैं. वहीं अन्य ट्रेनों के ठहराव के लिए मुंबई मंडल कार्यालय और रेलवे बोर्ड दिल्ली से मंजूरी के लिए कार्रवाई की गई है। प्लेटफार्म नंबर-1 तक विस्तार का काम पूरा हो चुका है। साथ ही इस प्लेटफार्म पर मार्च-2021 से एस्केलेटर की सुविधा भी शुरू कर दी गई है तथा प्लेटफार्म क्रमांक-2 एवं 3 के लिए दो लिफ्ट स्वीकृत की गई हैं। जिसके मुताबिक फुटओवरब्रिज पासरल ऑफिस के पास बनेगा जिसका काम अभी चल रहा है. इसके अलावा हर प्लेटफॉर्म को कवर करने का काम भी चल रहा है. फिलहाल वलसाड रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए जी. आर। पी और आर. पी। एफ। वे 24 घंटे अपनी डयूटी कर रहे हैं.

वलसाड एमपी के जिले के उन गांवों के बारे में जहां मोबाइल नेटवर्क की कमी है, बी. एस। एन। एल ऑपरेशनल एरिया हेड किरण सपकाल ने कहा कि वलसाड और डांग जिलों में 164 4जी टावरों के लिए जगह आवंटित की गई है। जिसके मुताबिक 104 टावर खड़े किए गए हैं. जिनमें से आज की तारीख में 86 टावर काम कर रहे हैं। जिसके अनुसार धरमपुर तालुका के 37 गांवों में से 22 गांवों में टावर लगाए गए हैं, जिनमें से 18 टावरों को परिचालन में लाया गया है, कपराडा तालुका के 45 गांवों में से 19 गांवों में टावर लगाए गए हैं और 13 टावरों को परिचालन में लाया गया है। पारदी तालुका के 9 गांवों में से 7 गांवों में टावर लगाए गए हैं और उमरगाम तालुका में 2 टावर चालू किए गए हैं, गांवों में टावरों में से 1 टावर गांव में खड़ा किया गया है। और वापी तालुका के 3 गांवों में टावर चालू कर दिए गए हैं। आज तक, डांग जिले की बात करें तो अहवा तालुका के 18 गांवों में से 15 गांवों में टावर लगाए गए हैं, जिनमें से 11 गांवों में टावर लगाए गए हैं।

उमरगाम विधायक रमणलाल पाटकर द्वारा उमरगाम तालुक के कलगाम और फांसा में समुद्री कटाव के खिलाफ सुरक्षा दीवार के निर्माण के संबंध में उठाए गए सवाल में, दमनगंगा नहर अनुसंधान विभाग के अनुसार, कलगाम गांव में सोरथवाड में 1005 मीटर लंबी और फांसा में मितनवाड पालिया में 900 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। गांव के एक तरफ पत्थर और कंक्रीट से बनी सुरक्षा दीवार मंगेलवाड से बरियावाड तक 1100 मीटर और दूसरी तरफ माछीवाड से कमरवाड तक 800 मीटर की लंबाई में एक समुद्री रक्षा दीवार बनाने की योजना है। जिसके लिए सी. आर। जेड क्लीयरेंस प्राप्त करने की कार्यवाही प्रगति पर है। सुरक्षा दीवार की मंजूरी मिलने के बाद यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। पाटकर का दूसरा सवाल यह है कि उमरगाम तालुका के भीतर एक गर्ल्स स्कूल, तालुका पंचायत कार्यालय और एक कुमार स्कूल है। चूँकि ये घर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित हैं, इन घरों में सरकार की नीति के कारण, इन स्कूलों के स्कूल विकास के लिए आवश्यक कार्यों के संबंध में, मुख्य अधिकारी उमरगाम ने लड़कियों के स्कूलों के स्वामित्व और प्रबंधन की जिम्मेदारी तालुका पंचायतों और कुमारशालाओं में कार्य को लेकर समन्वय बैठक में कलेक्टर को मुख्य अधिकारी उमरगाम को प्रवर्तन अधिकारी नियुक्त कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई पूरी करने को कहा गया.

इस बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी विभागों से अपने निर्धारित कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने का आग्रह किया. बैठक में प्रभारी जिला विकास अधिकारी अतिराग चपलोत, जिला पुलिस प्रमुख डॉ. करणराज वाघेला, निवासी अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती अनुसूया झा, जिला योजना अधिकारी भरतभाई पटेल, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के निदेशक श्री ए. के. कलसरिया, दक्षिण वन मंडल के उप वन संरक्षक श्री ऋषिराज पुवार, वलसाड, धरमपुर और पारडी के प्रात अधिकारी सर्वा आस्था सोलंकी, अमित चौधरी और अकिंत गोहिल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

ई-केवाईसी ग्राम पंचायत में वीसीई के माध्यम से राशन कार्ड को आधार नंबर से जोड़कर किया जा सकता है

वलसाड.21 सितम्बर

भारत सरकार ने वास्तविक लाभार्थियों की पहचान करने और उसी व्यक्ति के सही आधार नंबर को जोड़ने के लिए लाभार्थियों के राशन कार्डों को आधार संख्या से जोड़ने के लिए 100ः ई-केवाईसी लागू की है। इस ऑपरेशन के तहत वलसाड जिले में भी ऑपरेशन चलाया जा रहा है. आवेदक आवेदन के माध्यम से भी ई-केवाईसी कर सकता है। इसके अलावा आवेदक ग्राम पंचायत कार्यालय के माध्यम से भी यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। मामलतदार वलसाड (ग्रामीण) ने जनता से वीसीई के संचालन के लिए सरकारश्री द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाकर 100ः ई-केवाईसी पूरा करने की अपील की है।

वलसाड में 'अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस' के अवसर पर तीथल समुद्र तट और समुद्र तट की सफाई की गई

---कार्यक्रम में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया और 128.43 किलोग्राम कचरा एकत्र किया

वलसाड.21 सितम्बर

दिनांक 21-09-24 को 'अंतरराष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस' के अवसर पर वलसाड जिले के तीथल तट पर गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जीपीसीबी) एवं गुजरात पर्यावरण प्रबंधन संस्थान द्वारा प्रशासनिक तंत्र के सहयोग से तीथल तट को स्वच्छता अभियान के तहत साफ किया गया। इस कार्यक्रम में वलसाड विधायक श्री भरतभाई पटेल, जिला कलेक्टर श्री नैमेश दवे, जिला विकास अधिकारी श्री अतिराग चपलोत और वलसाड प्रांतीय अधिकारी आस्था सोलंकी उपस्थित रहे और सफाई अभियान में योगदान दिया।

समुद्र तट सफाई अभियान में वलसाड नगर पालिका और तीथल ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारी, विभिन्न ट्रायम फाउंडेशन, महालक्ष्मी मित्र मंडल, उम्मिया सोशल ट्रस्ट, बैंक ऑफ बड़ौदा, अतुल लिमिटेड, नाइट्रक इंडस्ट्रीज, जीपीसीबी, पर्यावरण संरक्षण आंदोलन, सीमा जागरण मंच के कर्मचारी और कार्यकर्ताओं और वलसाड सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, शाह के. एम। लॉ कॉलेज, शाह एनएच कॉमर्स कॉलेज, श्रीमती जे.पी. श्रॉफ आर्ट्स कॉलेज, बी. के. एम। इस अवसर पर साइंस कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्यों, वरिष्ठ कर्मचारियों, प्रोफेसरों और विशेष रूप से छात्रों सहित 300 से अधिक लोग उपस्थित थे और महत्वपूर्ण योगदान दिया। सफाई अभियान के दौरान 128.43 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा और अन्य कचरा एकत्र किया गया। अतुल लिमिटेड कंपनी ने रिसाइक्लिंग प्लांट में एकत्रित कचरे के उचित निपटान की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर अतुल कल्याणी स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।

वलसाड जिले के उमरगाम समुद्र तट पर सोशल क्लीनर्स एनजीओ द्वारा1972 किलोग्राम प्लास्टिक और कचराएकत्रकियागया और रिसाइक्लर को भेजा गया। तत्त्व एंटरप्राइजेज, जीपीसीबी सरिगामऔर उमरगाम नगर पालिकाभीसफाई अभियान में शामिल हुए। डीएलएसए (जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण)केभरतभाईपोपट, जी. पी.सी.बी.अधिकारी अनिलभाई पटेल, जी.एम. अधिकारी दर्पणाबेन धिम्मर, तीथल सरपंच श्री राकेशभाई पटेल, बैंक ऑफ बड़ौदा अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह और डॉ. संदीप देसाई उपस्थित थे।

धरमपुर मालनपाड़ा मॉडल स्कूल में 135 छात्राओं के साथ ठमासिक धर्म स्वच्छता दिवसठ मनाया गया

वलसाड.21 सितम्बर

महिला एवं बाल अधिकारी कार्यालय द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत वलसाड जिले के मॉडल स्कूल मालनपाड़ा - धरमपुर स्कूल की 135 छात्राओं के साथ ठमाहवारी स्वच्छता दिवसठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णा पटेल द्वारा मासिक धर्म और आयरन की गोलियाँ और पोषण पर डीएचईडब्ल्यू के मिशन समन्वयक जिग्नेश पटेल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाबद्ध जानकारी दी। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, गुड टच बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी वीडियो के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर ज्योतिबेन गमीत ने सेंटर के बारे में जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों से पूछताछ कर प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य डॉ. वर्षाबेन पटेल, स्कूल शिक्षक, तुषार पटेल, डीएचईडब्ल्यू के लिंग विशेषज्ञ उपस्थित थे।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ईवी और जेडएस ईवी तक 'बैटरी-ए-ए-सर्विस' (बीएएएस) का विस्तार किया

गुरुग्राम, 21 सितंबर: जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया भारत के यात्री ईवी सेगमेंट को फिर से परिभाषित कर रहा है। इन प्रयासों के साथ, कंपनी ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ए प्रोग्राम का विस्तार किया है। अब कंपनी ने एसयूवी और ए मॉडल के लिए भी यह खास प्रोग्राम पेश किया है। कंपनी ने एमजी विंडसर के लॉन्च के साथ ए कॉन्सेप्ट पेश किया। कंपनी की इस पेशकश को ग्राहकों से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं मिली हैं। इस विशेष ए कार्यक्रम के तहत, ग्राहक अब स्ट्रीट-स्मार्ट कार - एमजी कॉमेट ईवी को ?4.99 लाख की शुरुआती कीमत + ?2.5/किमी की दर से बैटरी किराये पर, साथ ही भारत की पहली शुद्ध इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी - एमजी जेडएस पर घर ला सकते हैं। ईवी को ?13.99 लाख की शुरुआती कीमत + बैटरी किराया ?4.5/किमी की कीमत पर घर लाया जा सकता है।

इस प्रोग्राम में ग्राहकों को बैटरी उपयोग के लिए प्रति किलोमीटर के हिसाब से मामूली शुल्क देना होगा। इस प्रोग्राम के चलते ये लोकप्रिय ईवी कारें ग्राहकों की पहली पसंद बन रही हैं ए प्रोग्राम के अलावा, ग्राहकों को कार खरीदने के तीन साल बाद 60ः बायबैक

आश्वासन भी मिलता है। यह ट्रस्ट ग्राहकों को कार खरीदने का सहज अनुभव प्रदान करता है।

इस शानदार स्वामित्व कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा, ''बीएएएस कार्यक्रम के साथ, हमने ग्राहकों के लिए आसान स्वामित्व के लिए एक मंच बनाया है, इस कार्यक्रम की मदद से हमारे ईवी खरीदना आसान हो गया है पहले से कहीं ज्यादा आसान। विंडसर को ए कार्यक्रम के साथ मिली शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए, अब हम इस योजना में अपने लोकप्रिय ई मॉडल, एसयू और ए को शामिल कर रहे हैं। यह विशेष स्वामित्व मॉडल देश में ई कारों की बिक्री को और बढ़ावा देगा।ठ

ए कार्यक्रम को बजाज फिनसर्व, हीरो फिनकॉर्प, विद्युत और इकोफाई ऑटोवर्ट जैसे प्रमुख वित्त भागीदारों के एक मजबूत नेटवर्क के साथ पेश किया गया है। यह रण